डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2024-2026
लाइसेंस क्र. Tech/23-04/08/2024-2026
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल, 19.08.2024 से 25.08.2024 वर्ष-41 अंक-34 मूल्य ₹ 10.00

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह को किया संबोधित

मुख्यमंत्री के संबोधन के मुख्य बिंदु -

- सिंचाई क्षमता 1 करोड़ हेक्टेयर तक बढ़ाने का लक्ष्य
- नवकरणीय ऊर्जा का उत्पादन बढ़कर हुआ 6 हजार 444 मेगावॉट
- प्रदेश की उपलब्ध विद्युत क्षमता 22 हजार 823 मेगावॉट
- नवकरणीय ऊर्जा क्षमता बढ़कर 6 हजार 444 मेगावॉट हो गई है
- 71 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों को जल जीवन मिशन का लाभ
- 9 हजार 800 एकड़ में विकसित होंगे 31 नए औद्योगिक क्षेत्र
- मेधावी विद्यार्थियों को 450 करोड़ रुपये की राशि
- प्रथम चरण में 275 सीएम राइज़ स्कूलों का संचालन
- आगामी दो वर्ष में लगभग 25 हजार पदों को भरने की योजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 78 वें स्वतंत्रता दिवस पर भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में परेड का निरीक्षण किया

प्रदेश में युवा शक्ति, नारी सशक्तिकरण, गरीब और किसान कल्याण मिशन का 1 नवम्बर 2024 से होगा शुभारंभ - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के लाल परेड ग्राउण्ड में आयोजित 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दिन भारत माता को स्वतंत्र कराने के लिए अपनी जान न्यौछावर करने वाले वीरों, राष्ट्रभक्तों और स्वतंत्रता सेनानियों का पुण्य-स्मरण करने का दिन है। उन्होंने कहा कि प्रशासन जनोन्मुखी हो, नागरिक विकास और सामाजिक सद्भाव में भागीदार बनें, गरीबों के कल्याण की योजनाएं अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे ऐसी पुख्ता व्यवस्था करने के लिए हमारी सरकार कटिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बनने के सफर को तय कर तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के संकल्पों की सिद्धि में मध्यप्रदेश अपना योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रदेशवासियों को संबोधित कर रहे थे।

पूँजीगत व्यय में 29 प्रतिशत वृद्धि

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश का बजट अगले पांच वर्ष में दो गुना करने की दिशा में सरकार काम कर रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में पूँजीगत व्यय 60 हजार 689 करोड़ रुपये किया गया।

प्रधानमंत्री की प्रेरणा से मिशन मोड में होंगे कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश के विकास में 4 वर्गों यथा युवा, महिला, किसान और गरीब को आधार स्तम्भ के रूप में परिभाषित किया है। मध्यप्रदेश सरकार प्रधानमंत्री श्री मोदी के विचारों से प्रेरणा लेकर चार मिशन, युवा शक्ति, गरीब कल्याण, किसान कल्याण और नारी सशक्तिकरण मिशन बनाकर काम करने जा रही है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस आगामी एक नवम्बर से यह मिशन अपना काम प्रारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा शक्ति मिशन में शिक्षा, कौशल विकास, रोज़गार, उद्यमिता, नेतृत्व विकास, सांस्कृतिक और सामाजिक विकास की कार्य योजना तैयार कर मिशन मोड में कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण मिशन में स्व-रोज़गार योजनाएं, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, आवास, शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधा आदि की दिशा में कार्य करेगा। नारी सशक्तिकरण मिशन के तहत बालिका शिक्षा, लाड़ली, लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना, लखपति दीदी योजना और महिला स्व-सहायता समूहों के सशक्तिकरण आदि कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से किए जाएंगे।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने तिरंगा लहराने को बनाया जन-जन का अभियान

भोपाल, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से आरंभ हुए 'हर घर तिरंगा' अभियान से पूरा देश नए उत्साह और उमंग से गुजर रहा है। प्रधानमंत्री ने आजादी के अमृत महोत्सव के समय से आम आदमी द्वारा तिरंगा फहराने के संबंध में विशेष छूट दिलवाई थी। इसी का परिणाम है अब तिरंगा लहराना पूरे देश में जन-जन का अभियान बन गया है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल पुलिस कमिश्नर कार्यालय से तिरंगा रैली के शुभारंभ अवसर को संबोधित करते हुए कही।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान में राज्य सरकार, केंद्र सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है। नगरीय निकाय, पंचायती राज संस्थाएं भी इस दिशा में सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि हम सब अपने घर पर पवित्र तिरंगा लगाएं और इसकी मर्यादा का भी ध्यान रखें। यही हमारी क्रांतिकारी, शहीदों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धांजलि होगी।

विद्यार्थी बड़ी संख्या में रैली में शामिल हुए

मुख्यमंत्री ने भोपाल पुलिस कमिश्नर कार्यालय से तिरंगा ध्वज लहराकर तिरंगा रैली को रवाना किया। उन्होंने तिरंगे गुब्बारे भी आसमान में छोड़े। मुख्यमंत्री ने तिरंगे झंडों से सजी पुलिस की वाहन रैली को देशभक्ति गीतों के बीच झंडी दिखाई। साथ ही नगर रक्षा समिति, ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के सदस्यों द्वारा निकाली जा रही तिरंगा रैली को भी रवाना किया।

तिरंगा रैली में 300 से अधिक बाइकर्स वर्दी में राजधानी के विभिन्न मार्गों पर राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश देने रवाना हुए। ग्राम रक्षा समिति, नगर रक्षा समिति, सामाजिक संगठनों के सदस्य और स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी बड़ी संख्या में रैली में शामिल हुए। पुलिस महानिदेशक श्री सुधीर कुमार सक्सेना ने परिचयात्मक उद्बोधन में बताया कि पुलिस परिवार द्वारा 'आजादी के रंग-खाकी के संग' थीम पर पूरे प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन जारी है।

संक्षिप्त खबर

मुख्यमंत्री ने हॉकी खिलाड़ी श्री सागर का किया सम्मान

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री निवास में भारतीय हॉकी टीम के सदस्य प्रतिभावान खिलाड़ी और मध्यप्रदेश पुलिस में डीएसपी श्री विवेक सागर को अंग वस्त्र और मेडल से सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री विवेक सागर ने हॉकी खेल में अनेक उपलब्धियां अर्जित की हैं। राज्य सरकार उन्हें पूर्ण प्रोत्साहन और सहयोग देगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री विवेक सागर को अपने हाथ से मिठाई भी खिलाई। उल्लेखनीय है कि श्री विवेक सागर ने भारतीय टीम के सदस्य के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। हाल ही में ओलंपिक खेलों में भारत की हॉकी टीम को कांस्य पदक प्राप्त हुआ है।

भीतर के पृष्ठों पर

- **पिछला सप्ताह** - देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में** - चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा** - प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी** - देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

भगवान श्रीराम का व्यक्तित्व विराट और मर्यादाओं से परिपूर्ण

भोपाल, भगवान श्रीराम के विराट व्यक्तित्व और उनके जीवन ने मर्यादाओं का पालन करने का पाठ पढ़ाया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय शिक्षा नीति : 2020 लागू की गई है। इसमें प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में अध्यात्म एवं संस्कृति से जुड़े पाठ्यक्रमों का संचालन प्रारंभ किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मानस भवन में आयोजित पद्मभूषण युग तुलसी पंडित श्रीरामकिंकर उपाध्याय, राष्ट्रीय पुरस्कार-2024 अलंकरण समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने दीदी मंदाकिनी को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने रामायण के हनुमान, सुग्रीव, माता कैकयी, राजा दशरथ सहित विभिन्न पात्रों से संबंधित प्रसंग सुनाए। उन्होंने कहा कि दीदी मंदाकिनी को सम्मानित करने से राज्य सरकार का मान बढ़ा है। मेरी ओर से उनको बहुत-बहुत बधाई।

इस अवसर पर संस्कृति राज्यमंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि पंडित श्रीरामकिंकर उपाध्याय ने सनातन संस्कृति में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने 49 वर्षों तक रामचरित मानस पर प्रवचन दिए हैं।

प्रदेश की लाड़ली बहनों के चेहरे पर मुस्कान के लिए प्रदेश सरकार कृतसंकल्पित

बैतूल, भाई- बहन के प्रेम के प्रतीक सावन पर्व पर राज्य सरकार ने लाड़ली बहना योजना के तहत 1250 रुपये के साथ 250 रुपये शगुन की राशि के रूप में बहनों के खातों में जमा कराए हैं। प्रदेश सरकार बहनों के चेहरे पर मुस्कान के लिए कृतसंकल्पित है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बैतूल जिले के भैंसदेही में आयोजित आभार सह उपहार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों का भाई होने पर वे गौरवान्वित महसूस करते हैं। अपनी इन सवा करोड़ बहनों के साथ सावन का पूरा माह रक्षाबंधन मनाया जा

रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी प्रत्येक देश में बसे भारतवंशियों की हमेशा चिंता करते हैं और जरूरत पड़ने पर हर नागरिक की हरसंभव मदद करते हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने भैंसदेही महाविद्यालय का नामकरण स्वतंत्रता संग्राम सेनानी गंजन सिंह कोरकू के नाम और मेंडा जलाशय का नाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राम भाऊ कोरकू के नाम पर करने की घोषणा की।

पलायन नहीं करना पड़ता

केंद्रीय जनजातीय मामलों के राज्यमंत्री श्री दुर्गादास उईके ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में जनजातीय वर्ग के कल्याण के लिए सरकार ने अनेक निर्णय लिए हैं। 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। पिछले 10 वर्षों में देश में जनजातियों का सम्मान बढ़ा है। उनके गांव में ही रोज़गार के भरपूर अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे उन्हें अब रोज़गार की तलाश में अन्य गांवों और शहरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ता।

10 अगस्त

बीस कोच वाली वंदे भारत ट्रेन का ट्रायल रन शुरू

● भारतीय रेलवे ने अहमदाबाद से मुंबई के बीच चलने वाली पहली 20 कोच

की वंदे भारत ट्रेन का ट्रायल रन किया। अहमदाबाद के कालूपुर स्टेशन से ट्रेन को 130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलाया गया। ट्रायल रन के दौरान किसी भी तरह की आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए अहमदाबाद और मुंबई के बीच रेलवे क्रॉसिंग और स्टेशनों पर रेलवे पुलिस फोर्स के कर्मचारियों को तैनात किया गया था। उल्लेखनीय है कि अभी बड़े शहरों में वंदे भारत ट्रेन 16 कोच और छोटे शहरों के बीच 8 कोच वाली वंदे भारत ट्रेन चलाई जा रही है। अभी तक अहमदाबाद से मुंबई के बीच 16-16 कोच की दो वंदे भारत ट्रेन चल रही थी।

● ब्रिटेन की नई सरकार ने फैमिली वीसा के लिए अब वार्षिक आय सीमा 41 लाख रुपये से घटाकर 30 लाख रुपये कर दी है। ब्रिटिश सरकार के इस फैसले से ब्रिटेन में रहने वाले 50 हजार से ज्यादा भारतीय प्रोफेशनल्स को फायदा मिलेगा। इस साल एक जनवरी से लागू हुए इस कानून के कारण भारतीयों के फैमिली वीसा में भारी कमी आई थी। ब्रेग्जिट के कारण यूरोप के अन्य देशों से आईटी, एआई और मेडिको प्रोफेशनल्स फिलहाल ब्रिटेन का रुख नहीं कर रहे हैं जिसकी वजह से ब्रिटेन को ब्रिटेन 50 हजार और भारतीय प्रोफेशनल्स की जरूरत है। इसके साथ ही ब्रिटेन का हेल्थ सेक्टर भी भारतीय कामगारों पर निर्भर है क्योंकि ब्रिटेन में हर 10 में से दो डॉक्टर भारतीय हैं, नर्सेज में भी हर 10 में से 3 भारतीय हैं।

● कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्रोफेसर जेस एडकिंस ने समुद्री जहाजों से निकलने वाली कार्बन डाई ऑक्साइड को समुद्री नमक में बदलने के लिए नई तकनीक विकसित की है। इस तकनीक से समुद्री वातावरण में मौजूद 30 प्रतिशत कार्बन को प्राकृतिक रूप से सोखा जा सकता है। यह कार्बन कैल्शियम कार्बोनेट के साथ अभिक्रिया करके समुद्री नमक बनाता है।

11 अगस्त

एनटीए ने घोषित किया एनसीईटी का परिणाम

● नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने नेशनल कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (एनसीईटी) के परिणाम घोषित कर दिए हैं। जो उम्मीदवार एनसीईटी परीक्षा के लिए उपस्थित हुए थे, वह अपना परिणाम आधिकारिक वेबसाइट ncet.smarth.ac.in पर देख सकते हैं। एनटीए द्वारा जारी आधिकारिक नोटिस में लिखा है, 'एनसीईटी 2024 के लिए परिणाम/एनटीए स्कोर तैयार करने के लिए अंतिम उत्तर कुंजी का उपयोग किया है। उम्मीदवार अपना आवेदन नंबर और जन्मतिथि दर्ज करके अपना स्कोर कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। नेशनल कॉमन एंट्रेंस टेस्ट का आयोजन देशभर में कुल 13 भाषाओं- असमिया, बंगाली, अंग्रेजी, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, मलयालम, मराठी, पंजाबी, उड़िया, तमिल, तेलुगु और उर्दू में किया गया।

● आर्थिक मामलों की कैबिनेट कमेटी ने 24,657 करोड़ रुपये की लागत की आठ नई रेल लाइन परियोजनाओं को मंजूरी दे दी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में किए फैसले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस राशि से ओडिशा, बिहार, झारखंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना तथा महाराष्ट्र के 14 जिलों के 900 किलोमीटर रेल क्षमता का विस्तार होगा। इसके अलावा नई रेल लाइनों के बिछाने के काम में 62 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जाएगा। इसका सीधा फायदा उक्त राज्यों के 510 गांवों के निवासियों को होगा, जिनकी आबादी लगभग 40 लाख है।

12 अगस्त

मालदीव में यूपीआई भुगतान सेवा शुरू करेगा भारत

● भारत और मालदीव ने मालदीव में एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) शुरू

UPI
UNIFIED PAYMENTS INTERFACE

करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। श्री जयशंकर की तीन दिवसीय आधिकारिक मालदीव यात्रा के दौरान समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। श्री जयशंकर ने सोशल मीडिया के जरिए बताया कि मालदीव में डिजिटल भुगतान प्रणाली की शुरुआत पर भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) और मालदीव के आर्थिक विकास और व्यापार मंत्रालय के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। उन्होंने कहा कि इस समझौते का मालदीव के पर्यटन क्षेत्र पर बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि एनपीसीआई द्वारा विकसित यूपीआई मोबाइल फोन के माध्यम से बैंकों के बीच लेनदेन को सुविधाजनक बनाने के लिए एक त्वरित वास्तविक समय भुगतान प्रणाली है।

● भारतीय नौसेना में नए 1,389 अग्निवीर शामिल हो गए हैं। इसमें 214 महिला कैडेट भी हैं। 16 सप्ताह की सख्त ट्रेनिंग के बाद अग्निवीरों के चौथे बैच की पासिंग आउट परेड (अंतिम पग) आईएनएस चिल्का पर हुई। विनय मारुति कदम, एवीआर एसएसआर (अग्निवीर सीनियर सेकेंडरी रिक्रूटमेंट) और संजना, एवीआर एमआर (अग्निवीर मेट्रिक रिक्रूटमेंट, स्टीवर्ड रोल) को क्रमशः चीफ ऑफ द नेवल स्टाफ रोलिंग ट्रॉफी और सर्वश्रेष्ठ अग्निवीर एसएसआर और एमआर के लिए स्वर्ण पदक मिला। आईएनएस चिल्का पर दिए गए प्रशिक्षण में शैक्षणिक, सेवा के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण और कर्तव्य, सम्मान एवं साहस के मूल मूल्यों पर आधारित आउटडोर प्रशिक्षण भी शामिल था।

● अमेरिका ने घोषणा की कि वह युद्धग्रस्त यूक्रेन को रूस का मुकाबला करने के लिए 12.5 करोड़ डॉलर की सैन्य सहायता देगा। इस सैन्य मदद में वायु रक्षा प्रणालियां, टैंक रोधी हथियार और दुश्मन द्वारा दागे गए गोलों का पता लगाने तथा उन्हें नष्ट करने में मदद करने वाले राडार शामिल हैं। नवीनतम सैन्य सहायता में स्टिंगर मिसाइलें, 155 मिलीमीटर और 105 मिलीमीटर के गोले, हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम (एचआईएमएआरएस) में प्रयुक्त गोला-बारूद और बख्तरबंद वाहन भी हैं।

13 अगस्त

पीएनबी ने दृष्टिबाधित ग्राहकों के लिए ब्रेल डेबिट कार्ड शुरू किया

● पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने दृष्टिबाधित ग्राहकों के लिए ब्रेल डेबिट

pnb

में कहा कि यह संपर्क रहित नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) डेबिट कार्ड रुपे नेटवर्क पर उपलब्ध है। कार्ड की प्रतिदिन नगदी निकासी सीमा 25 हजार रुपये तक रहेगी। पीओएस एवं ई-कॉमर्स में इस्तेमाल के लिए इसकी सीमा प्रतिदिन 60 हजार रुपये रखी गई है। इस पहल से दृष्टिबाधित व्यक्तियों की वित्तीय स्वतंत्रता और सुविधा में वृद्धि होगी।

● ईरान और इजरायल के बीच युद्ध के संभावित खतरे को देखते हुए अमरीका ने इजरायल की रक्षा करने के लिए यूएसएस जॉर्जिया परमाणु पनडुब्बी को पश्चिम एशिया में तैनात करने और अब्राहम लिंकन विमानवाहक पोत की तैनाती में तेजी लाने का आदेश दिया है। अमरीकी रक्षा मंत्रालय 'पेंटागन' ने रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन की इजरायली रक्षा मंत्री योव गैलेंट के साथ बातचीत के बाद यह जानकारी दी। पेंटागन ने कहा "रक्षा मंत्री ऑस्टिन ने एफ-35सी लड़ाकू विमानों से लैस यूएसएस अब्राहम लिंकन कॅरियर स्ट्राइक ग्रुप को केंद्रीय कमान क्षेत्र में अपने पारगमन में तेजी लाने का आदेश दिया है, जो यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट कॅरियर स्ट्राइक ग्रुप की ओर से पहले से प्रदान की जा रही क्षमताओं में इजाफा करेगा।

● यूक्रेनी सेना ने रूसी सीमा में प्रवेश कर लिया है। हमलों के कारण रूस ने बेलगोरोद क्षेत्र के क्रास्नाया यारुगा जिले से लोगों को हटाना शुरू कर दिया है। इसके साथ ही रूस ने घुसपैठ को रोकने के लिए अपने स्वयं के सैनिकों को तैनात करके सैन्य रूप से जवाबी कार्रवाई की है। इसी बीच, यूक्रेनी सेना के कमांडर जनरल ओलेक्सांद्र सिस्कीं ने कहा कि उनकी सेना रूस के कुर्स्क क्षेत्र में एक हजार वर्ग किमी पर नियंत्रण रखती है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि यूक्रेन देश के दक्षिणी भाग में घुसपैठ करके रूसी स्थिरता को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है और चेतावनी दी कि यूक्रेन को कड़ा जवाब मिलेगा।

14 अगस्त

डीआरडीओ ने स्वदेशी पोर्टेबल मिसाइल का किया सफल परीक्षण

● कंधे पर रखकर चलाई जा सकने वाली (मैन पोर्टेबल) स्वदेशी एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल का राजस्थान के जैसलमेर जिले में स्थित पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में सफल परीक्षण किया गया है। इस मिसाइल

को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने विकसित किया है। यह मिसाइल पैदल सेना द्वारा उपयोग की जा सकती है। इसका उपयोग दुश्मन के टैंकों और अन्य भारी बख्तरबंद वाहनों को नष्ट करने के लिए किया जा सकता है। भारतीय सेना एवं पैरा कमांडो के लिए तैयार की गई इस मिसाइल से रात में भी हमले किए जा सकते हैं। इसकी रेंज ढाई किलोमीटर तक है। इस गाइडेड एंटी टैंक मिसाइल को भविष्य में अर्जुन टैंक में भी लगाया जा सकता है।

● फिलिस्तीनी आतंकी समूह हमास ने इजरायल पर दो घातक एम-90 रॉकेट दागे। इस हमले से किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है। इजरायली सेना ने कहा कि रॉकेट तेल अवीव के पास समुद्र में गिरा। यह हमला ऐसे वक्त किया गया है जब हमास ने नए दौर की बातचीत की बजाय समझौता लागू करने पर जोर दिया था। उल्लेखनीय है कि है कि पिछले वर्ष हमास के बर्बर हमले के बाद इजरायल लगातार गाजा पर हमले कर रहा है।

● दिल्ली उच्च न्यायालय ने नीट-यूजी परीक्षा के वनस्पति विज्ञान के पेपर में दो प्रश्नों को चुनौती देने वाली एक मेडिकल अभ्यर्थी की अपील को खारिज कर दिया। चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस तुषार गेडेला की पीठ ने कि वह नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से नियुक्त विशेषज्ञ पर सिर्फ इसलिए अविश्वास नहीं कर सकती कि वह मुकदमें में पक्षकार हैं। याचिकाकर्ता की आपत्ति थी कि विवादित प्रश्नों पर विशेषज्ञ राय एनटीए ने अपने ही विशेषज्ञों से ली है, जबकि वह खुद मुकदमें में पक्षकार हैं, ऐसे में तीसरे विशेषज्ञ से राय ली जानी चाहिए।

15 अगस्त

संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन के लिए न्यूयॉर्क जायेंगे प्रधानमंत्री

● प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी अगले महीने संयुक्त राष्ट्र के शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए न्यूयॉर्क जायेंगे। सम्मेलन

UNITED NATIONS

22 से 23 सितंबर तक होगा। सम्मेलन से इस दौरान प्रधानमंत्री श्री मोदी की वैश्विक नेताओं के साथ वार्ता कर सकते हैं। इसके अलावा वह न्यूयॉर्क में भारतीय समुदाय को भी संबोधित करेंगे। यह कार्यक्रम 22 सितंबर को लॉन्ग आइलैंड के नासाउ कोलियम में आयोजित किया जाएगा। इससे पहले प्रधानमंत्री 4 सितंबर को बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के लिए थाईलैंड का दौरा करेंगे। इस दौरान उनकी मुलाकात बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस से हो सकती है। इसके बाद प्रधानमंत्री श्री मोदी पांच सितम्बर को सिंगापुर जा सकते हैं।

● भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) और पैनेसिया बायोटेक ने भारत में डेंगू की वैक्सीन विकसित करने के लिए पहली बार तीसरे चरण का क्लीनिकल शुरू किया है। यह परीक्षण पैनेसिया बायोटेक द्वारा विकसित भारत के स्वदेशी टेट्रावैलेंट डेंगू वैक्सीन, डेंगीऑल के प्रभाव का मूल्यांकन करेगा। इस परीक्षण में पहले प्रतिभागी को रोहतक स्थित पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पीजीआईएमएस), में टीका लगाया गया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि आइसीएमआर के सहयोग से पैनेसिया बायोटेक भारत के 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों 119 स्थानों पर चरण-3 का क्लीनिकल परीक्षण करेगा, जिसमें 10,335 से अधिक स्वस्थ वयस्क प्रतिभागी मिले होंगे।

● डिमेंशिया की रोकथाम के लिए कार्यरत अंतर्राष्ट्रीय आयोग की रिपोर्ट के अनुसार देखने और सुनने की क्षमता में कमी से डिमेंशिया (मनोभ्रंश) का खतरा बढ़ जाता है। इसके कारण 65 साल से ज्यादा उम्र के लोगों में देखने की क्षमता कमजोर होने पर डिमेंशिया विकसित होने का जोखिम 50 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। विशेषज्ञों का कहना है कि साल में कम से कम एक बार आंखों की जांच आवश्यक कराई जानी चाहिए। सुनने की क्षमता की जांच घर पर ही की जा सकती है। निःशुल्क श्रवण परीक्षण ऐप सटीक परिणाम देते हैं। सुनने में दिक्कत पर डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए।

16 अगस्त

आसियान देशों के 50 छात्रों को फैलोशिप देगा भारत

● भारत ने आशियान देशों के 50 छात्रों को कृषि से जुड़े क्षेत्रों में मास्टर डिग्री के लिए प्रतिवर्ष फैलोशिप देने की घोषणा की है। यह फैलोशिप कार्यक्रम शैक्षणिक वर्ष 2024-25 से शुरू किया जा रहा है। यह कार्यक्रम पांच साल के लिए है। चयनित छात्रों को फैलोशिप, प्रवेश शुल्क, रहने का खर्च एवं आकस्मिकता खर्च दिया जाएगा। इस फैलोशिप के तहत भारतीय कृषि विश्वविद्यालयों द्वारा पेश किए जाने वाले मास्टर्स प्रोग्राम छात्रों को अत्याधुनिक शोध से परिचित कराएंगे और उन्हें भविष्य के नवाचारों के लिए तैयार किया जाएगा। साथ ही दीर्घकालिक डिग्री कोर्स शोधकर्ताओं को लंबे समय तक जुड़े रहने में मदद कर सकता है।

● विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कांगो समेत अफ्रीकी देशों में फैले मंकी पॉक्स या एमपॉक्स को ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी घोषित कर दिया है। इस वायरस से 12 से अधिक देशों में 14 हजार से अधिक बच्चे और वयस्क पीड़ित हैं। यह वायरस का नया रूप है और इससे 500 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी हैं। हालांकि, भारत में अब तक इस वैरिएंट के मामले सामने नहीं आए हैं। दक्षिण अफ्रीकी संक्रामक रोग विशेषज्ञ सलीम अब्दुल करीम ने कहा कि कांगो से फैल रहे एमपॉक्स के नए वैरिएंट से मृत्यु दर लगभग 3 से 4 प्रतिशत है। इससे मध्य अफ्रीका और उसके आसपास के कई देशों के लिए खतरा पैदा हो गया है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार)

वर्ष 41, अंक 34 19.08.2024 से 25.08.2024
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
- सम्पादक - रंजना चितले
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
- आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इनसे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

विभाजन की घटना 20वीं शताब्दी की सबसे अधिक दु:खद दुर्घटना

भारत सरकार की पहल पर विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन किया गया। विभाजन ने लाखों लोगों की पीड़ा और विस्थापित हुए लोगों को हाशिए पर धकेल दिया। विभाजन की इस भयावहता को याद रखना महत्वपूर्ण है, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इसके प्रभाव को समझ सकें और उसे महसूस कर सकें। मध्यप्रदेश में भी विभीषिका स्मृति दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विभाजन की विभीषिका पर विस्तार से चर्चा की और कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मन में देश के विभाजन विभीषिका के संबंध में जो पीड़ा है, वह हम सब अनुभव करते हैं। देश का विभाजन 20वीं शताब्दी की सबसे अधिक दु:खद, दुर्दांत और अत्यंत त्रासदीपूर्ण दुर्घटना है। इसका विवरण करुण और कठिन है। यह वास्तविकता है कि इस त्रासदी से गुजरे कई लोग इस संबंध में बात भी नहीं करना चाहते, लेकिन यदि किसी देश को लंबी यात्रा करना है, उसे आगे बढ़ना है तो इतिहास के घावों और गलतियों से उसे सबक लेना होगा, अन्यथा देश का भविष्य खतरे में होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस संबंध में कई उदाहरण प्रासंगिक हैं। इजराइल, इराक और ईरान ने अपनी अस्मिता और राष्ट्रीयता के लिए जो संघर्ष किया वह हम सबके लिए प्रेरणा का विषय है। हम भारतीयों की यह विशेषता है कि हम अपने उदात्त भाव के परिणाम स्वरूप सभी को अपना मानते हैं, परंतु अक्सर लोगों की चालाकियों और छल के कारण हानि उठानी पड़ती है। उन्होंने इस संबंध में पृथ्वीराज चौहान, गुलामवंश के शासकों, मोहम्मद गजनी, मोहम्मद बिन कासिम का उदाहरण देते हुए कहा कि कई युद्ध छल से जीते गए और देश को लंबे समय तक गुलामी का दंश झेलना पड़ा। व्यापार करने आए अंग्रेजों ने भी 1857 की क्रांति के बाद देश में अपने पैर जमाए रखने के लिए 'फूट डालो राज करो' की नीति से हिन्दू-मुसलमानों को विभाजित किया, परिणामस्वरूप 1906 में अंग्रेजों के माध्यम से मुस्लिम लीग का फार्मूला लाया गया। मुस्लिम बहुलता वाले निर्वाचन क्षेत्रों को चुनकर वहां मतदान के अधिकार और चुनाव लड़ने का अधिकार भी केवल मुसलमानों को था। मुख्यमंत्री ने कहा कि अंग्रेजों की इस विभाजन करने वाली सोच के बाद भी यह भारतीय समाज की ताकत थी कि 1906 में जब पहली बार मुस्लिम लीग ने अपने प्रत्याशी खड़े किए तो अंग्रेजों के षडयंत्र को समझते हुए वर्ष 1906, 1911, 1916 और 1923 के चुनाव में देशभक्त जनता ने मुस्लिम लीग के प्रत्याशियों को विजयी नहीं होने दिया, और 1936 तक मुस्लिम लीग के प्रत्याशी लगातार हारते रहे। लेकिन तत्कालीन भारतीय राजनैतिक दल अंग्रेजों का यह षडयंत्र नहीं समझ सके और उन्होंने तुर्की में हुए खलीफा आंदोलन को धर्म के आधार पर समर्थन प्रदान किया। परिणामस्वरूप देश के बंटवारे की भावनाओं का अंकुरण होना आरंभ हो गया और 1940 के चुनाव में विभाजनकारी ताकतों ने सभी सीटें जीत लीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल, नेताजी सुभाषचंद्र बोस जैसे नेता इस षडयंत्र के विरुद्ध थे। इन्हें नेतृत्व का मौका नहीं मिला। गणेश उत्सव की शुरुआत करने वाले बाल गंगाधर तिलक, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना करने वाले पंडित मदन मोहन मालवीय, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह जैसे राष्ट्रभक्त हाशिए पर चले गए। देश का बंटवारा नहीं होने देने के लिए प्रतिबद्ध राजनैतिक दल अपने प्रण पर दृढ़ नहीं रह सका। रातों-रात देश के बंटवारे का सिद्धांत बना, लार्ड माउंटबेटन ने उसे स्वीकृति प्रदान की और हमारे भाई-बहनों को विभाजन की विभीषिका झेलनी पड़ी। हमारी सांस्कृतिक एकता के मापदंड को भूलने के परिणामस्वरूप ही देश को विभाजन की विभीषिका झेलनी पड़ी और भीषण नरसंहार भोगना पड़ा। पंजाब दो भागों में बटा, सिंध हाथ से चला गया और राष्ट्र गान में सिंध का शब्द शेष रह गया। इस तरह विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस हमें पूर्व अनुभवों से सीखने के साथ भविष्य में सचेत रहने का संदेश देता है।

अफ्रीकी देशों में बढ़ती बीमारी ने विश्व स्वास्थ्य संगठन की बढ़ाई चिंता

विश्व से अभी तक कोरोना संकट की विभीषिका का दौर मन मस्तिष्क से समाप्त भी नहीं हुआ था कि अफ्रीकी देश में उपजी एक नई बीमारी से अफ्रीका के 13 से अधिक देश पूरी तरह से परेशान हैं। दरअसल अफ्रीका में एमपॉक्स (मंकीपॉक्स) का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। अफ्रीकी देश में बढ़ती इस बीमारी पर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने चिंता जाहिर की। डब्ल्यूएचओ के अनुसार 96 फीसदी से अधिक मामले केवल कांगो में मिले हैं। यही नहीं कांगो से एमपॉक्स का नया वैरिएंट फैलना शुरू हो गया, जिसमें मृत्यु दर करीब 3 से 4 फीसदी है। डब्ल्यूएचओ ने अफ्रीकी देशों में एमपॉक्स के प्रकोप को वैश्विक आपातकाल घोषित कर दिया है। अफ्रीका रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र ने एमपॉक्स के प्रकोप को एक सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल बताया था, जिसके कारण अभी तक वहां 500 से अधिक मौतें हो चुकी हैं। डब्ल्यूएचओ महानिदेशक डॉ. टेड्रोस अधनोम घेब्रेयसस ने वायरस के लगातार विस्तार पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि एमपॉक्स वायरस कुछ ऐसा है, जिससे हम सभी को चिंतित होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अफ्रीका और उससे आगे इसके फैलने की संभावना बहुत चिंताजनक है। रिपोर्ट में बताया गया कि पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में मामले 160 फीसदी और मौतें 19 फीसदी अधिक हैं। यहां अब तक 14 हजार से ज्यादा मामले आ चुके हैं और 524 लोगों की मौत हो चुकी है। अफ्रीका सीडीसी आपातकालीन समूह की अध्यक्षता करने वाले विशेषज्ञ सलीम अब्दुल करीम के अनुसार अब हम ऐसी स्थिति में हैं जहां मंकीपॉक्स मध्य अफ्रीका और उसके आसपास के कई पड़ोसी देशों के लिए खतरा पैदा करता है।

- विकास तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विषयों पर लेखन करते हैं)

समाज सशक्तिकरण एवं कुटुम्ब समन्वय के पर्व रक्षाबंधन को उल्लासमय बनाया डॉ. मोहन यादव ने

लाड़ली बहनों को ढाई सौ रुपये उपहार : गैस सिलेंडर भी सस्ता

इस वर्ष रक्षाबंधन का त्योहार मध्यप्रदेश में अतिरिक्त उल्लास के साथ आया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आदेश पर मध्यप्रदेश सरकार ने लाड़ली बहनों को दी जाने वाली 1250 रुपये सम्मान निधि के साथ रक्षाबंधन उपहार स्वरूप ढाई सौ रुपये अतिरिक्त जोड़कर भेजे हैं। इसके साथ बहनों के कारण सभी जन प्रतिनिधियों को मानदेय वृद्धि की घोषणा भी की है। भारतीय परंपरा में रक्षा बंधन का त्योहार भाई बहन के शाश्वत स्नेह के साथ-साथ पूरे समाज के सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण एवं कुटुम्ब समन्वय का अनूठा पर्व है। समाज रचना साहित्य और इतिहास के पन्नों में दृष्टि जहां तक जाती है, रक्षाबंधन के विविध स्वरूपों का उल्लेख मिलता है। हर रूप में राखी स्नेह, समर्पण और आदर्श प्रस्तुति की प्रतीक रही है। वैदिक काल में भगवान वामन ने रक्षाबंधन के सम्मान के लिये ही तो राजा बलि को मुक्त करके उसका पूरा राज्य लौटा दिया था। वह देवगुरु ब्रहस्पति द्वारा देवराज इन्द्र को राखी बांधने का प्रसंग हो या आचार्यों द्वारा अपने यजमानों को रक्षासूत्र बांधने की परंपरा हो। इन सबका अपना-अपना संदेश है। रक्षासूत्र, बहन ने अपने भाई को बांधा हो, राजगुरु ने राजा को बांधा हो या आचार्य ने अपने यजमान को हर प्रसंग में स्नेहमय आभार तो होता ही है। यह समाज के सशक्तिकरण का सूत्र भी होता है। रक्षाबंधन के बाद भाई द्वारा अपनी बहन की, राजा द्वारा पूरे राज्य की अथवा यजमान द्वारा अपने आचार्य की सुरक्षा का वचन दिया जाता है। जिसके प्रतीक स्वरूप कुछ भेंट अर्पित की जाती हैं। ऐसे प्रसंगों के अनेक उदाहरण पुराणों में भी मिलते हैं और समाज एवं जीवन में भी। समय बदला परंपरा और जीवन शैली बदली, लेकिन रक्षा बंधन की गरिमा यथावत रही।

भारतीय परंपरा में रक्षाबंधन के सम्मान में राजप्रमुखों अथवा भाइयों द्वारा बहनों के प्रति आभार स्वरूप जिस प्रकार के व्यवहार और भेंट का वर्णन मिलता है ठीक उसी परंपरा का पालन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया है। उन्होंने इस वर्ष रक्षाबंधन पर अपनी घोषणाओं से मध्यप्रदेश की लाड़ली बहनों को और बहनों के परिवारों को उल्लास से भर दिया है। डॉक्टर मोहन यादव ने रक्षाबंधन पर बहनों को उपहार के लिये श्रावण मास की पूर्णिमा की प्रतीक्षा नहीं की। उन्होंने प्रदेश भर में उल्लास का वातावरण श्रावण मास शुक्ल पक्ष की पंचमी से ही बना दिया और रक्षाबंधन की शुरुआत कर दी। नागपंचमी पर रक्षाबंधन का शुभारंभ भी शास्त्र सम्मत है। रक्षाबंधन इस पंचमी से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी तक कुल अठारह दिनों तक चलता है। लोककथाओं के अनुसार देवी नागलक्ष्मी ने इसी दिन पाताल लोक में भगवान गणेश को राखी बांधी थी। भारतीय परंपराओं और मान्यताओं के अनुपालन के लिये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसी दिन से रक्षाबंधन का शुभारंभ कर दिया। मुख्य आयोजन पहले अपने निवास पर किया फिर प्रदेश के विभिन्न नगरों और स्थानों पर जाकर प्रदेश की लाड़ली बेटियों और बहनों से राखी बंधवाई और उपहारों की झड़ी लगा दी। उन्होंने विजयपुर के श्योपुर में आयोजित रक्षाबंधन कार्यक्रम में बहनों से राखी बंधवाई और इसी दिन एक क्लिक से प्रत्येक बहन के खाते में 1500 की राशि भेजी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्यस्तरीय कार्यक्रम में प्रत्येक लाड़ली बहन के खाते में 1500 रुपये की राशि सिंगल क्लिक से हस्तांतरित की। इसमें 1250 रुपये की राशि तो नियमित सम्मान निधि और 250 रुपये रक्षाबंधन उपहार शामिल था। इसके अतिरिक्त डॉ. मोहन यादव ने रक्षाबंधन की इसी अवधि में 9 अगस्त को रानी दुर्गावती महिला सरपंच सम्मेलन, 11 अगस्त को महाविद्यालय तथा एनसीसी, एनएसएस बालिकाओं से संवाद, 12 अगस्त को महिला महापौर, अध्यक्ष एवं पार्षद सम्मेलन तथा 13 अगस्त में महिला उद्योगपति सम्मेलन आयोजित किये और प्रत्येक सम्मेलन में कुछ न कुछ उपहार देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने निवास पर आयोजित देवी अहिल्या बाई होल्कर नगरीय महिला जन-प्रतिनिधि सम्मेलन एवं रक्षाबंधन कार्यक्रम में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के मानदेय में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की। अध्यक्ष से लेकर पार्षदों तक सभी के मानदेय में यह वृद्धि हुई। बहनों के कारण भाइयों को भी लाभ मिला। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणानुसार अब मध्यप्रदेश में नगर पालिका अध्यक्ष को 7200 रुपये, नगर निगम महापौर को 22 हजार के स्थान पर 26 हजार रुपये मानदेय मिलेगा। पार्षद, पंचों, सरपंच आदि सभी जन प्रतिनिधियों को इसका लाभ मिलेगा। इसके साथ बेहतर काम करने वाले नगर निगम को पांच करोड़ और बेहतर काम करने वाली नगर पालिका को दो करोड़ रुपये दिए जाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा रक्षाबंधन पर दिये गये इन उपहारों में एक उपहार रक्षाबंधन के अवसर पर भाई-बहन दोनों को उनके परिवार सहित रियायती दर पर हवाई यात्रा का भी है। मध्यप्रदेश सरकार ने पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा के अंतर्गत तोहफा दिया है। 12 अगस्त को श्रावण सोमवार से 19 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन तक तक मध्यप्रदेश पर्यटन टूरिज्म निगम एयर टैक्सी सेवा में 50 प्रतिशत डिस्काउंट देगा। पीएमश्री वायु सेवा के अंतर्गत चलने वाली विभिन्न टैक्सियों के माध्यम से मध्यप्रदेश के आठ प्रमुख नगरों को जोड़ा गया है। इनमे भोपाल, इंदौर, जबलपुर, रीवा, सिंगरौली, खजुराहो, ग्वालियर और उज्जैन शामिल हैं। इनकी तिथियां भी अलग-अलग रहेगीं ताकि रक्षाबंधन पर बहनें अपने भाइयों के यहां अथवा भाई राखी बंधवाने सरलता से अपनी बहनों के घर जा सकें।

श्रावण मास की अधिकांश अवधि में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपनी लाड़ली बहनों के बीच ही रहे। मुख्यमंत्री निवास पर महिला सरपंचों का सम्मेलन तो इतना भावात्मक था कि मुख्यमंत्री स्वयं भावुक हो गये। समागम आरंभ तो महिला सरपंच सम्मेलन के रूप में हुआ, लेकिन थोड़ी देर में ही वह रक्षाबंधन के उत्सव में बदल गया। इसका कारण यह था कि सभी बहनें अपने साथ राखियां लाई थीं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आत्मीयता पूर्वक सभी बहनों से राखियां बंधवाई और इसके साथ बहनों को उपहार की घोषणाएं कीं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी सरकार की ओर से मध्यप्रदेश की सभी महिलाओं को सशक्त बनाने और हर बहन तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया और कहा कि मध्यप्रदेश सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिये प्रतिबद्ध है। उन्होंने बहनों से आह्वान किया कि वे किसी दुष्प्रचार में न आयें। नारी कल्याण और समाज कल्याण की सभी योजनाएं यथावत रहेंगी। कोई योजना बंद नहीं होगी। इस महिला सरपंच सम्मेलन और रक्षाबंधन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बहनों से अपील भी की कि वे योजनाओं के बंद करने संबंधी कुप्रचार से अपने घर परिवार और समाज को सचेत करें। मुख्यमंत्री ने यह स्पष्ट घोषणा भी की कि संकल्प पत्र के सभी बिंदुओं को अक्षरशः लागू किया जाएगा। उन्होंने यह घोषणा भी की कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन पाने वाली बहनों को 450 रुपये में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा। यह भी एक सुखद संयोग था कि बहनें भी इस कार्यक्रम में बड़ी तैयारी से आई थीं। लगभग हर महिला सरपंच के पास अपनी राखी थी जो डॉ. मोहन यादव को बांधना चाहतीं थीं। इसके साथ कुछ बहनें मिलकर एक 40 फीट लंबी राखी भी साथ लेकर आई थीं जो डॉ. यादव को भेंट की गई। यह राखी सबके आकर्षण और चर्चा का केन्द्र रही। इसके साथ सभी बहनों ने उन्हें राखियां बांधी। डॉ. यादव ने बहनों से "हर घर तिरंगा अभियान" के अंतर्गत पूरी सक्रियता से भाग लेने का आह्वान किया और कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर उत्साह से तिरंगा फहरायें और हर घर में तिरंगा पहुँचायें। यह आयोजन शासकीय औपचारिकताओं से थोड़ा अलग था। डॉ. मोहन यादव का संबोधन भी अनौपचारिक रहा। उन्होंने बहनों से यह भी अपील की कि इस धनराशि को व्यर्थ के खर्चों को कम कर परिवार के संसाधनों को बच्चों की पढ़ाई में लगाएं। इस समागम में महिला सरपंचों ने भी अपने अनुभव साझा किये और अपने-अपने क्षेत्र में ग्रामीण विकास और जनकल्याण की दिशा में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी और यह भी बताया कि कौन से कार्य पूर्ण हो गये तथा कौन-कौन से कार्य पूर्णता की ओर हैं। इस सम्मेलन का स्वरूप केवल सरकारी औपचारिकता तक ही सीमित न रहा। आयोजन बिल्कुल श्रावण मास की परंपराओं के अनुरूप हुआ जिसमें झूले झूलना और मेंहदी लगाना भी शामिल था। इसके साथ आधुनिकता की प्रतीक सेल्फियां भी ली गईं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्वयं तो विभिन्न स्थानों पर लाड़ली बहनों से राखी बंधवाने गए। इसके साथ उन्होंने सभी जन प्रतिनिधियों, समाज के प्रबुद्धजनों, स्वयंसेवी संगठनों, और कार्यकर्ताओं से ऐसे सामूहिक रक्षाबंधन कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिये। प्रदेश भर में ऐसे लगभग पच्चीस हजार स्थान चिन्हित किये गये जहाँ इस प्रकार के सामूहिक रक्षाबंधन आयोजन चल रहे हैं। इनमें सभी पंचायतीराज मुख्यालय भी शामिल हैं।

मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणाओं और त्वरित क्रियान्वयन से जहाँ लाड़ली बहनों, उनके परिवार और पूरे समाज में उल्लास आया है वहीं उनके द्वारा प्रदेश के पच्चीस हजार स्थानों पर सामूहिक रक्षाबंधन समागम आयोजित करने की यह पहल समाज में बहनों के प्रति सम्मान के उस वातावरण को बहाल करने में सहायक होगी जो कभी भारत में रहा है। नि:संदेह इन दिनों समाचार पत्रों में नारी सम्मान और अस्मिता को लेकर जिस प्रकार के नकारात्मक घटनाओं के समाचार आ रहे हैं, उससे निपटने के लिये समाज में बहन-बेटियों का सम्मान पुनर्प्रतिष्ठित करना होगा। इस दिशा में डॉ. मोहन यादव की यह पहल बहुत महत्वपूर्ण है।

रमेश शर्मा

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)

CHAMELI DEVI GROUP OF INSTITUTIONS

Gram Umrikheda, Khandwa Road, Indore-452 020
Phone: 0731-4243600, Fax: 0731-4243620

Online Application Invited for Faculty Positions
NAAC A+ Graded Institute

CDGI is a Group of Institutions with a difference. It is an initiative of the well known AGARWAL GROUP which is one of the largest business and educational empires in Central India, we are dedicated to excellence in education.

Applications are invited from highly qualified and experienced teachers with a passion for teaching.

CHAMELI DEVI GROUP OF INSTITUTIONS

- **PROFESSORS • ASSO. PROFESSORS**
- **ASSISTANT PROFESSORS**

Engineering (CSE, IT, AD, CI, EC, ME, Civil, Physics, Chemistry, Mathematics, English), **MBA** (General Management, Business Analytics, Finance, HR, Marketing, IT) and **MCA**.

CHAMELI DEVI INSTITUTE OF PROFESSIONAL STUDIES

- **PRINCIPAL • PROFESSORS**
- **ASSO. PROFESSORS • ASST. PROFESSORS**

Computer Science Engineering, Computer Application, Management, International Business / Foreign Trade, Commerce, Physics, Chemistry, Mathematics, Hindi & English.
Note: Candidates having NET / SET / Ph.D. will be preferred.

CHAMELI DEVI INSTITUTE OF PHARMACY

- **PROFESSORS • ASSOCIATE PROFESSORS**
- **ASSISTANT PROFESSORS**

Pharmaceutical Chemistry, Pharmaceutics, Pharmacology, Pharmacognosy, Pharmacy Practice, Industrial Pharmacy.

CHAMELI DEVI INSTITUTE OF LAW

- **PRINCIPAL • PROFESSORS**
- **ASSO. PROFESSORS • ASST. PROFESSORS**

Law, Management, History, Political Science, Economics, Commerce, English, Hindi.
Note: Candidates having NET / SET / Ph.D. will be preferred.

- **Non Teaching Position - Training & Placement Officer, Admin Officer, Lab Technician, Librarian, Receptionist, Office Assistant, Account Assistant, Accountant, Sports Officer, Transport, Security, HR, Hostel Warden, Marketing Executive, Admission Counsellor**

Qualification & Experience as per AICTE / UGC / BCI DAVV College Code-28 / RGPV Statute - 30 norms

• Candidates having Master Degree may apply • Candidates with teaching experience are preferred • Salary is not a constraint for deserving candidates • Free Local Conveyance facility • Residential facility available on campus as per CDGI regulations • EPF and Gratuity facility

Note: Candidates interested for Adjutant/ Visiting/ Part Time position may also apply.

Interested candidates can apply ONLY through the online application format available on our CDGI portal on or before 15 days from the date of publication of this advertisement.

For any assistance Email to **hr@cdgi.edu.in** or contact help line **+91-93021-46596** (CDGI) **+91-731-4243613** (CDIPS) and **+91-98267-20320** (CDIP) and **+91-62605-01943** (CDIL).
Applicants have to compulsorily submit their **CV** as an attachment in PDF or Doc format along with the online application.
Hard copies of application sent to the college will be summarily rejected.

R-49956/2024 **- GROUP DIRECTOR**

Tel.: 0731-2499911 E-mail: info@sipsindore.com

ST. PAUL

Institute of Professional Studies,
Institute of Professional & Management Studies
7/1 Boundary Road, Near Lalaram Nagar, Indore (M.P.)
Affiliated to Devi Ahilya Vishwavidyalaya, Indore
Autonomous Institution NAAC Accredited with Grade "A"

Appointment Opportunities –

Selection, Qualification & Salary as per the norms under **College Code 28** for
Professor/ Associate Prof./ Assistant Professor/ Office Asstt. / Lab. Tech. / Library Asstt.
in subjects of following programmes

M.B.A., M.Com., B.Sc., B.Com., B.A., B.B.A. & B.C.A.

Subjects: Management, Commerce, Computer Sc., Physics, Mathematics, English, Hindi, Psychology, Political Science.

Interested candidates should apply with Biodata and supporting documents within 7 days from the date of publication of this advertisement.

R-49955/2024 **DIRECTOR**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

No./10582/22/D-12/MPRRDA/2024 **Bhopal, Dated : 16.08.2024**

NOTICE INVITING TENDER
No. 1197 (PMGSY-Road-B.W.)

Online Tenders for Construction of Rural Roads/CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **www.pmgsytenders.gov.in** as detailed below;

- **Name of Work : Construction/Up-gradation of Rural Roads under PMGSY including maintenance for Five year after construction**

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1.	Vidisha	1	39393000/-

1. Bid document may be purchase online from **22.08.2024 (17:30 hrs.)** and last date for online bid submission is **09.09.2024 (17:00 hrs.)**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/115977/2024 **(TENDER)**

"मेरी सड़क" ऐप डाउनलोड कर, फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें। **R-49963/2024**

M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

(Government of Madhya Pradesh)
SECRETARIAT FOR SINGLE WINDOW SYSTEM
21, Arera Hills, Bhopal - 462011 M.P. (India)
Tel. : (91) 755-2571830, 3523555, 3523505
E-mail : helpdesk@mpidc.co.in, Website : www.invest.mp.gov.in
CIN : U51102MP1977SGC001392

क्र. 193/एमपीआईडीसी/स्था./से.नि.-17/2024/8496 **दिनांक : 14.08.2024**

विज्ञप्ति

एमपी इण्डस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भोपाल द्वारा ''दिव्यांगजनों'' के विभिन्न श्रेणी के कनिष्ठ यंत्री, सहायक ग्रेड-1 एवं सहायक ग्रेड-2 के आरक्षित पदों पर भर्ती प्रक्रिया हेतु दिनांक 07.08.2024 को विज्ञप्ति जारी कर वॉक-इन-इन्टरव्यू के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए गए थे।

इच्छुक अभ्यर्थी एमपीआईडीसी की वेबसाइट **www.invest.mp.gov.in** से Application form डाउनलोड कर दिव्यांगजनों की श्रेणी हेतु आरक्षित पद के अनुसार आवेदन में अपेक्षित आवश्यक जानकारी की पूर्ति कर अन्य समस्त आवश्यक अभिलेखों की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न कर एवं मूल दस्तावेज सहित **दिनांक 21 अगस्त, 2024 को एमपीआईडीसी मुख्यालय, 21 अरेरा हिल्स्, भोपाल के प्रथम तल पर समय - प्रात: 10 बजे वॉक-इन-इंटरव्यू में उपस्थित हो सकते है।**

सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय भोपाल के पत्र क्रमांक एफ 7-19/2019/आ.प्र./एक, दिनांक 31.05.2024 में निहित निर्देशानुसार वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा।

केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासी एवं सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी PwBD डिजीटल प्रमाण पत्र धारक अभ्यर्थी ही आवेदन हेतु पात्र है। अभ्यर्थी आगामी निर्देशों/जानकारियों के लिए नियमित रूप से निगम की वेबसाइट का अवलोकन करते रहें। **R-49957/2024**

म.प्र. माध्यम/115953/2024 **कार्यकारी संचालक (प्रशा.)**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency Of Panchayat & Rural Development Department, Govt. Of M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

No. 10579/22/D-12/Brg.DPR/2024 **Bhopal, Dated : 16.08.2024**

DPR CONSULTANCY OF BRIDGES
(Short Time E-Procurement Notice)

Online Bids are invited from the reputed Consultants for preparation of DPR of Bridge under PMGSY-III as per details given below :-

- **No. of Packages - 05**
- **Nodal PIU (Kukshi) - Betul-2, Agar, Balaghat-1, Dhar-1 & Dhar-2**
- **No. of Bridges - 36**

Total Estimated Construction Cost (in Rs.) - Rs. 1505480000/-

- **Cost of Bid Document, Bid Security (EMD) and service charges as appearing on e-procurement portal are to be paid simultaneously through Debit Card/Credit Card/Internet Banking or system generated challan. For detailed procedure of online payment of EMD and submission of affidavit please refer condition number 2 of detailed NIT.**

1. RFP document may be seen, downloaded and purchased from our e-procurement website **https://mptenders.gov.in** from **17:30 hrs. on 21.08.2024.**
2. Last date of Submission of bid is **date 12.09.2024 upto 15.00 hrs.**

Other details & Conditions may be seen in the detailed NIT and Tender Document for preparation of DPR of Bridges under PMGSY January-2020 amended up to date on our Website **http://mptenders.gov.in**

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/115978/2024 **(TENDER)**

"मेरी सड़क" ऐप डाउनलोड कर, फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें। **R-49964/2024**

म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र. 1, भदभदा रोड, भोपाल

क्र./989, 1003/तशा/प.यं./2024 **दिनांक : 16.08.2024**

प्रेस विज्ञप्ति

इस कार्यालय द्वारा भोपाल एवं गुना जिले में निर्माण/मरम्मत कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा क्रमांक 2024_MPPHC_363553_1, 2024_MPPHC_364285_1, **दिनांक 27.08.2024 समय अपरान्ह 17:00 बजे तक** खरीदी जा सकती है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/115965/2024 **परियोजना यंत्री**

R-49961/2024

मुख्यमंत्री ने भोपाल में शैक्षिक डिजिटल बस का किया शुभारंभ

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान भोपाल के लाल परेड ग्राउंड से शैक्षिक डिजिटल बस का शुभारंभ किया और हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने डिजिटल बस की कार्यप्रणाली को जाना और छात्रों से संवाद भी किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली में डिजिटल बस छात्रों के लिये उपयोगी साबित होगी। राज्य शिक्षा केंद्र की सहयोगी संस्था एसआरएफ फाउंडेशन द्वारा संचालित डिजिटल बस में 20 कम्प्यूटरों के साथ इंटरनेट की सुविधा भी है।

दान एवं सेवा से मिलती है आत्मिक अनुभूति

इंदौर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर के राऊ स्थित डीपीएस स्कूल में जागरण सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित गुरुदेव शिक्षा केन्द्र इंदौर के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा है कि सेवा एवं दान के सुख और आनंद को शब्दों में परिभाषित करना कठिन है। सेवा एवं दान का आनंद और सुख आत्मिक अनुभूति का विषय है। दान एवं सेवा का सुख और आनंद की अनुभूति हम कर्म करके ही प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा का दान सबसे बड़ा दान है। ईश्वर की सच्ची पूजा वंचित वर्गों की सेवा एवं उनके कल्याण के कार्य है।

कार्यालय मुख्य अभियंता, वि./यां., जल संसाधन विभाग
बांध सुरक्षा भवन, तुलसी नगर, भोपाल (म.प्र.) 462003

दूरभाष : 0755-2552913, E-mail ID : ce.em.wrd.bpl@mp.gov.in

पत्र क्रमांक 123/स्था. 3/सा./मु.अ.वि/यां./2024/2639 **भोपाल, दिनांक : 09.08.2024**

विशेष भर्ती अभियान के तहत भृत्य वॉक-इन-इन्टरव्यू की तिथि संबंधी सूचना

मुख्य अभियंता वि/यां, जल संसाधन विभाग भोपाल के द्वारा निःशक्तजनों के लिए आरक्षित भृत्य के रिक्त पदों पर विशेष भर्ती प्रक्रिया के तहत पात्र आवेदकों को वॉक-इन-इन्टरव्यू की तिथि 12.08.2024 से 14.08.2024 तक प्रक्रियाधीन है, वॉक इन इन्टरव्यू प्रक्रिया आगे जारी रखते हुए अन्य पात्र शेष आवेदकों के लिए निम्नानुसार कार्यालयीन समय में वॉक-इन-इन्टरव्यू की तिथि निर्धारित की जाती है।

स.क्र.	भर्ती हेतु आरक्षित पदनाम	वॉक-इन-इन्टरव्यू की अतिरिक्त तिथि
1.	भृत्य	दिनांक 22.08.2024 से 23.08.2024 एवं दिनांक 27.08.2024 से 29.08.2024 तक

शेष शर्तें यथावत् रहेंगी।

1. विस्तृत जानकारी जल संसाधन विभाग मध्यप्रदेश के विभागीय पोर्टल **www.mpwrd.gov.in** पर उपलब्ध है।
2. (EH) बहरे और कम सुनने वाले श्रेणी के समस्त अभ्यार्थी अपना सक्षम अधिकारी से बैरा टेस्ट प्रमाण पत्र की मूल प्रति के साथ उपस्थित होवें।
3. वॉक-इन-इन्टरव्यू दिनांक को समस्त अभ्यार्थी मूल दस्तावेजों, प्रमाण पत्रों एवम् यू.डी.आई. कार्ड के साथ अनिवार्यतः उपस्थित होवें।

जी-14993/49958/2024 **मुख्य अभियंता, वि/यां, जल संसाधन विभाग, भोपाल**

नशा मुक्त भारत से ही बनेगा विकसित भारत

भोपाल, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा है कि केन्द्र में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सरकार द्वारा पांच वर्ष पहले शुरू किया गया नशा मुक्त भारत अभियान में 'विकसित भारत का मंत्र-भारत हो नशे से स्वतंत्र' जागरूकता कार्यक्रम का क्रियान्वयन मध्यप्रदेश में प्रभावी रूप से किया जा रहा है।

श्री कुशवाह राज्य स्तरीय सामूहिक नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नशे से प्रदेश को स्वतंत्र करने के लिये जागरूकता अभियान की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री के वर्ष 2047 के विकसित भारत के संकल्प में नशा मुक्ति भी बहुत महत्वपूर्ण कड़ी है युवाओं में लगातार बढ़ती नशे की लत एक चिंता का विषय है लेकिन समय के साथ इसको रोककर सुधारा जा सकता है।

श्री कुशवाह ने कहा कि समाज में हर व्यक्ति को अपने साथियों को नशे से मुक्त कराना चाहिए। यह एक तरह से परमात्मा की पूजा करने के समान है जिससे कई अनमोल जिंदगियों को बचाया जा सकता है।

आयुक्त सामाजिक न्याय श्री आर.आर. भौंसले ने बताया कि सम्पूर्ण विश्व नशे की समस्या से प्रभावित है। प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के लिए विभाग द्वारा नशा मुक्ति कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। भारत सरकार की नशा मुक्ति राष्ट्रीय कार्य योजना अंतर्गत पुनर्वास केंद्रों में उपचार एवं परामर्श का कार्य संपादित किया जा रहा है।

नशा मुक्ति के क्षेत्र में उत्कर्ष कार्य करने हेतु केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश के दतिया जिले को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। साथ ही नशा मुक्ति के क्षेत्र में उत्कर्ष कार्य करने के लिए मध्यप्रदेश को भी प्रथम पुरस्कार प्राप्त हो चुका है।

कार्यालय, प्राचार्य परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र (अनुसूचित जाति)
35, श्यामला हिल्स, भोपाल

ISO : 9001: 2008

E-mail : petcsc.bpl@gmail.com, Phone : 0755-2666615

पत्र/प्रशि/न.स-36/2024/181 **भोपाल, दिनांक : 12.08.2024**

राज्य सेवा परीक्षा 2022 की मुख्य परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों के लिए साक्षात्कार की तैयारी हेतु विज्ञापन

म.प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2022 में उत्तीर्ण एवं साक्षात्कार हेतु अर्हता रखने वाले म.प्र. के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए निःशुल्क मॉक साक्षात्कार परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र भोपाल में **सितम्बर 2024** के प्रथम सप्ताह में आयोजित किया जायेगा। पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थी संलग्न आवेदन में अपनी जानकारी **दिनांक 31 अगस्त 2024 तक** संस्थान में व्यक्तिगत रूप से या ई-मेल द्वारा प्रेषित करें। अधिक जानकारी के लिए केन्द्र के दूरभाष क्रमांक 0755-2666615 व ई-मेल **petcsc.bpl@gmail.com** पर कार्यालयीन दिवस व कार्यालयीन समय में सम्पर्क कर सकते हैं।

प्राचार्य
परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र भोपाल, म.प्र.

कार्यालय, प्राचार्य परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र (अनुसूचित जाति)
35, श्यामला हिल्स भोपाल
ISO:9001:2008
राज्य सेवा परीक्षा 2022 के मॉक इंटरव्यू हेतु आवेदन पत्र

1. अभ्यर्थी का नाम - .....
2. शैक्षणिक योग्यता - .....
3. पिता का नाम - .....
4. माता का नाम - .....
5. स्वयं की वार्षिक आय (यदि हो तो) - .....
6. परिवार की वार्षिक आय - .....
7. निवास का वर्तमान पता - .....
8. जाति ..... उपजाति .....
9. मोबाइल नं. - .....
10. ई-मेल आई.डी.- .....
11. राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2022 का अनुक्रमांक - .....
12. विगत वर्षों में राज्य सेवा मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण की हो तो उसका विवरण :–
    - मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण वर्ष .....
    - मुख्य परीक्षा के प्राप्तांक .....
    - इंटरव्यू के प्राप्तांक .....
    - उस वर्ष का कट ऑफ .....
13. अभ्यर्थी यदि शा. सेवा में है तो उसका विवरण ..... पद .....
14. अभिरुचि - .....

अभ्यर्थी के हस्ता. - .....
नाम - .....
पता- .....

जी-14946/49952/2024

कार्यालय प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग, भोपाल

ईमेल - ce.tender.wrdmp@gmail.com, फोन - 0755-2767635, फैक्स - 0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक - 1088/2024-25/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग/ **भोपाल, दिनांक : 12.08.2024**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 09.09.2024** को 17.30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्र.	कार्य	जिला	लागत (लाख)
1.	2024_WRD_362425	**टर्न की पद्धति पर** :– बारना बांध के दांयी तट पर गाईडवॉल निर्माण पर सुदृढ़ीकरण का कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	रायसेन	2345.64
2.	2024_WRD_362428	**टर्न की पद्धति पर** :– रामगढ़ बैराज, खरडू बैराज, कानाकुआं मिट्टी का बांध (नहर रहित) एवं झांगर मिट्टी का बांध (नहर रहित) का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	झाबुआ	1350.38
3.	2024_WRD_362429	**टर्न की पद्धति पर** :– अमलानी बैराज, बागेश्वरी देवी बैराज एवं रामजीपुरा रूपारेल तालाब (नहर रहित) योजना का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	खण्डवा	1529.61
4.	2024_WRD_362433	**टर्न की पद्धति पर** :– हिरन बैराज नं.-2, मोरियागांव बैराज, सुक्ता बैराज, हथनी बैराज नं.-2, वेगलगांव बैराज, अचपई तालाब (नहर रहित), सुखीबावड़ी तालाब (नहर रहित), रणजीत तालाब (नहर रहित) एवं बड़ागांव तालाब (नहर रहित) का संपूर्ण निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	अलीराजपुर	2830.81
5.	2024_WRD_362435	**टर्न की पद्धति पर** :– चिपाखेड़ी बैराज, ठान बैराज, दोंदवाड़ा, बैराज, कालीकुण्डी बैराज एवं थिगली बैराज नं. 2 का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	बड़वानी	2543.82

जी-14956/49953/2024 **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

कार्यालय प्रमुख अभियंता
जल संसाधन विभाग, भोपाल

ईमेल - ce.tender.wrdmp@gmail.com, फोन - 0755-2767635, फैक्स - 0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक - 1087/2024-25/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग/ **भोपाल, दिनांक : 12.08.2024**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 09.09.2024** को 17.30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्र.	कार्य	जिला	लागत (लाख)
1.	2024_WRD_361215	**टर्न की पद्धति पर** :– खेजड़िया बैराज कम कॉजवे (गेट सहित) का सम्पूर्ण निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	शाजापुर	199.79
2.	2024_WRD_361217	**टर्न की पद्धति पर** :– कुण्डिया तालाब एवं मालवन तालाब (नहर रहित) का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	बड़वानी	959.03
3.	2024_WRD_361219	मोहनपुरा परियोजना की दायीं तट नहर प्रणाली में डी.आई. एवं एच.डी.पी.ई. पाइप लाइन शिफ्टिंग का कार्य।	राजगढ़	55.09
4.	2024_WRD_361220	बण्डा सिंचाई परियोजना के डूब से प्रभावित पुनर्वास स्थल ग्राम पनारी में नवीन विद्युतीकरण का कार्य समस्त सामग्री एवं मजदूरी सहित।	सागर	74.26
5.	2024_WRD_361222	**टर्न की पद्धति पर** :– ढाबा बैराज योजना का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	मंदसौर	298.05
6.	2024_WRD_361223	**टर्न की पद्धति पर** :– समेली बैराज योजना का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	मंदसौर	260.25
7.	2024_WRD_361224	बाणसागर त्योंथर उद्वहन सिंचाई योजना हेतु स्थापित 3 नग साफ्ट स्टार्टर का मरम्मत कार्य।	शहडोल	25.81
8.	2024_WRD_362421	स्टोर कैम्पस के टेरेक्स डम्पर सेक्शन, एच.एम. शॉवेल स्टोर सेक्शन, डी-8K डोजर, सिस्नोपेक्टर, NT-335 इंजन साइड, NH-220 इंजन साइड एवं NRTO-6 इंजन साइड के Spare parts की नीलामी का कार्य।	शहडोल	20.07
9.	2024_WRD_362422	मोहनपुरा बांध पर 2 वर्ष हेतु सशस्त्र वर्दीधारी कुशल सुरक्षा गार्ड प्रदाय करने का कार्य।	राजगढ़	105.48
10.	2024_WRD_362423	**टर्न की पद्धति पर** :– माचक उपनहर की चेन क्रमांक 5 से 26 तक सी.सी.जी.एम. लाइनिंग का निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परंतु उस तक सीमित नहीं।	हरदा	214.96
11.	2024_WRD_362424	बांध सुरक्षा संगठन के कार्यालयीन उपयोग हेतु स्वारा भवन का सुदृढ़ीकरण एवं उन्नयन कार्य।	भोपाल	57.75

जी-15005/49959/2024 **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

कार्यालय अधीक्षण यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, नर्मदापुरम मण्डल, नर्मदापुरम

Office Email ID - seresnarmda@mp.gov.in, Office Phone No. - 07574-250166

क्र. 1292/निविदा/ग्रा.यां.से./2024 **नर्मदापुरम, दिनांक : 09.08.2024**

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 02/2024-25 (द्वितीय आमंत्रण)

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से जन विकास निर्माण कार्यों की ऑनलाइन मोहरबंद प्रतिशत दर पर निविदायें फार्म ''ए'' **(Appendix 2.10)** पर जिला बैतूल की म.प्र. लोक निर्माण विभाग के केन्द्रीयकृत प्रणाली में समतुल्य/सक्षम श्रेणी में पंजीकृत सी श्रेणी ठेकेदारों से तीन कवर पद्धति में ग्रायांसे में प्रचलित एस.ओ.आर. दिनांक 11.04.2022 से प्रभावशील दर अनुसूची (निविदा विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक तक संशोधित) दर के आधार पर अधीक्षण यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा नर्मदापुरम मंडल नर्मदापुरम के कार्यालय में ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं।

क्र.	सिस्टम टेण्डर नं.	कार्य का नाम	निविदा की अनुमानित लागत (रु. लाख में)	अमानत राशि (रुपये में)	कार्य अवधि वर्षाकाल सहित (माह में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1.	2024_RES_362892	माडवी में तालाब के पास से पांडुर्णा तक ग्रेवल मार्ग पुलिया सहित वि.खं. आठनेर	64.16	65000/-	09 माह	10000/-
2.	2024_RES_362895	ग्राम पंचायत एनस में एनस से जौलखेड़ा जी.एस.बी. सड़क वि.खं. मुलताई	77.55	78000/-	09 माह	10000/-
3.	2024_RES_362897	ग्राम पंचायत बिरोली झिल्पा में कोंढर से चिचंड़ा जी.एस.बी. निर्माण वि.खं. मुलताई	78.96	79000/-	09 माह	10000/-
	योग -		**220.67**	**शब्दों में दो सौ बीस लाख सड़सठ हजार रुपये मात्र**		

उपरोक्तानुसार निर्माण कार्य की निविदा आमंत्रण की निम्नानुसार तिथियां निर्धारित की जाती हैं :–

क्र.	विवरण	तिथि	समय
1.	निविदा ऑनलाइन प्रकाशित होने की तिथि	20.08.2024	17.30
2.	निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की प्रारंभिक तिथि	21.08.2024	17.30
3.	ऑनलाइन बिड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि	21.08.2024	17.30
4.	ऑनलाइन बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	**04.09.2024**	13.30
5.	ऑनलाइन निविदा खुलने की तिथि	05.09.2024	13.30

निविदा की शेष शर्तें एवं प्रपत्र (Tender Document) वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर ऑनलाइन प्रकाशित एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जाएंगे। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जाएगा।

अधीक्षण यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, नर्मदापुरम मण्डल, नर्मदापुरम

जी-15019/49960/2024

राष्ट्रीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, भुवनेश्वर

पद का नाम - प्राध्यापक (आणविक जीव विज्ञान, प्रतिरक्षा विज्ञान, जैव सूचना विज्ञान- सिस्टम बायोलॉजी, सैद्धांतिक और कम्प्यूटेशनल रसायन विज्ञान, मैग्नेटिज्म, पॉलिमर रसायन विज्ञान, इलेक्ट्रोकेमिस्ट्री, प्राकृतिक उत्पाद, एनएमआर पद्धति, पदार्थ रसायन विज्ञान, ऑर्गेनिक सिंथेसिस-एसमेट्रिक, रासायनिक जीव विज्ञान और जैव रसायन, कम्प्यूटर विज्ञान, सांख्यिकीय यांत्रिकी, नरम और जीवित पदार्थ, क्वांटम सूचना, कंप्यूटिंग, उच्च ऊर्जा भौतिकी घटना विज्ञान, लैटिस QCD, स्ट्रिंग सिद्धांत, नरम संघनित पदार्थ, स्पेक्ट्रोस्कोपी, क्वांटम डिवाइस, क्रिस्टल विकास, फोटोनिक्स और लेजर, डार्क मैटर भौतिकी, दर्शनशास्त्र, मनोविज्ञान, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र)
पदों की संख्या - उल्लेखित नहीं
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 10 सितंबर 2024
वेबसाइट - https://www.niser.ac.in/

भारतीय जनसंचार संस्थान

पद का नाम - प्रोफेसर, सहायक प्रोफेसर
पदों की संख्या - 21
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 23 अगस्त 2024
वेबसाइट - https://www.iimc.gov.in/

फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट

पद का नाम - अकादमिक प्रमुख, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, निजी सचिव, हॉस्टल वार्डन गर्ल्स, सहायक अभियंता (विद्युत), उप प्रबंधक, वरिष्ठ प्रबंधक, क्षेत्रीय प्रबंधक
पदों की संख्या - 14
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 26 अगस्त 2024
वेबसाइट - https://fddiindia.com

भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी)

पद का नाम - हेड कॉन्स्टेबल ड्रेसर वेटरनरी (मेल/फीमेल), कॉन्स्टेबल एनिमल ट्रांसपोर्ट (मेल/फीमेल), कॉन्स्टेबल केनेलमैन (सिर्फ मेल)
पदों की संख्या - 128
योग्यता - कॉन्स्टेबल केनेलमैन के लिए उम्मीदवारों ने किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं पास की हो। हेड कांस्टेबल ड्रेसर वेटरनरी के लिए 12वीं पास के साथ पैरा वेटरनरी कोर्स/वेटरिनरी में सर्टिफिकेट या डिप्लोमा किया हो, अन्य योग्यता पदानुसार।
अंतिम तिथि - 10 सितंबर 2024
वेबसाइट - https://www.itbpolice.nic.in

हरियाणा स्वास्थ्य विभाग

पद का नाम - चिकित्सा अधिकारी
पदों की संख्या - 777
योग्यता - मेडिसिन और सर्जरी में बैचलर डिग्री होनी चाहिए। मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया या स्टेट मेडिकल काउंसिल में मेडिकल प्रैक्टिशनर के रूप में रजिस्ट्रेशन होना चाहिए। उम्मीदवारों की उम्र 22 साल से 35 साल के बीच होनी चाहिए। हिंदी/संस्कृत का ज्ञान होना चाहिए। एमडी/एमएस/पीजी डिप्लोमा करने वालों को वरीयता दी जाएगी।
अंतिम तिथि - 28 अगस्त 2024
वेबसाइट - https://haryanahealth.gov.in/

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना

पद का नाम - सीनियर रेजिडेंट
पदों की संख्या - 76
योग्यता - मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया/NMC/NBE के मान्यता प्राप्त संस्थान से पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री MD/MS/DNB/DM/M.Ch में होनी चाहिए। जो उम्मीदवार पीजी फाइनल का एग्जाम अगस्त 2024 में देने जा रहे हैं, वे भी अप्लाई कर सकते हैं।
अंतिम तिथि - 23 अगस्त 2024
वेबसाइट - https://aiimspatna.edu.in/

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

पद का नाम - प्लाटून कमांडर, उप जेलर, हॉस्टल सुपरिटेंडेंट ग्रेड II, जूनियर अकाउंटेंट, पटवारी, जिलेदार, विलेज डेवलपमेंट ऑफिसर, सुपरवाइजर, तहसील रेवन्यू अकाउंटेंट
पदों की संख्या - उल्लेखित नहीं
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 07 सितंबर 2024
वेबसाइट - https://rsmssb.rajasthan.gov.in

गेल लिमिटेड

पद का नाम - जूनियर इंजीनियर (केमिकल, मैकेनिकल), फोरमैन (इलेक्ट्रिकल, इंस्ट्रूमेंटेशन, सिविल), जुनियर सुप्रीटेंडेंट (आधिकारिक भाषा), जूनियर केमिस्ट, जूनियर अकाउंटेंट, टेक्निकल असिस्टेंट (लाइब्रेरी), ऑपरेटर (केमिकल), तकनीशियन (इलेक्ट्रिकल, इंस्ट्रूमेंटेशन, मैकेनिकल, टेनीकॉम और टेलीमेंट्री), ऑपरेटर (बॉयलर), अकाउंट असिस्टेंट, बिजनस असिस्टेंट
पदों की संख्या - 391
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 07 सितंबर 2024
वेबसाइट - https://www.gailonline.com/

न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड

पद का नाम - स्टाइपेन्ड्री ट्रेनी ऑपरेटर, स्टाइपेन्ड्री ट्रेनी मेंटेनर (इलेक्ट्रिशियन, फिटर, इलेक्ट्रॉनिक्स, इंस्ट्रुमेंटेशन, मशीनिस्ट/टर्नर, वेल्टर)
पदों की संख्या - 279
योग्यता - पद के अनुसार 10वीं, 12वीं पास, आईटीआई डिप्लोमा होना चाहिए।
अंतिम तिथि - 11 सितंबर 2024
वेबसाइट - https://www.npcilcareers.co.in/

एडमिशन अलर्ट

वैज्ञानिक और नवीकृत अनुसंधान संस्थान

पाठ्यक्रम का नाम - पीएच.डी. (जैविक विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, कृषि विज्ञान, गणितीय एवं सूचना विज्ञान), पीएच.डी. (चिकित्सा अनुसंधान), पीएच.डी. (इंजीनियरिंग), आईडीडीपी
योग्यता - पाठ्यक्रमानुसार
अंतिम तिथि - 16 सितंबर 2024
वेबसाइट - https://acsir.res.in/

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित)

जंगल सत्याग्रह

रुद्री नवागांव के जंगलों से उठा जनजातियों का सैलाब

मध्यप्रदेश का जंगल सत्याग्रह स्वाधीनता संग्राम के विविध चरणों में से एक है। देश भर में जब नमक सत्याग्रह शुरू हुआ। तब जिन क्षेत्रों में समुद्र तट नहीं था वहां नमक सत्याग्रह के स्थान पर जंगल सत्याग्रह किया गया। मध्यप्रदेश देश के केन्द्र में स्थित है। प्रदेश भर में अलग-अलग स्थानों पर जंगल सत्याग्रह किया गया। जंगल सत्याग्रह में जनजातियों का प्रमुख योगदान रहा है। प्रदेश में जंगल सत्याग्रह की एक और वजह अंग्रेजों द्वारा वनभूमि पर प्रतिबंध लगाना और कानून बनाकर जनजातियों को जंगल और जमीन से बेदखल करना था। जनजातियों ने वन भूमि के अपने अधिकार के लिए सत्याग्रह किया। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा के पाठ्यक्रम में मध्यप्रदेश की जनजातियों का भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान विषय शामिल है। इस विषय पर केंद्रित आलेख 'रोज़गार और निर्माण' में प्रकाशित किया जा रहा है।

जंगल सत्याग्रह की इस कड़ी में आपको रुद्री नवागांव जंगल सत्याग्रह की जानकारी प्रदान की जा रही है। पहले यह क्षेत्र मध्यभारत में शामिल था, अब यह छत्तीसगढ़ प्रांत का हिस्सा है। जंगल सत्याग्रह के समय प्रांतों का विभाजन नहीं हुआ था। रुद्री नवागांव जंगल सत्याग्रह, इस सत्याग्रह आंदोलन का महत्वपूर्ण भाग है।

रुद्री नवागांव सत्याग्रह धमतरी तहसील के रुद्री-नवागांव जंगल में हुआ था, नवागांव सत्याग्रह का वह स्थान अब गंगरेल बांध में डूब चुका है। नवागांव जंगल सत्याग्रह में सत्याग्रही छोटी-छोटी टोलियों में जंगल में जाकर घास काटते थे।

यह वह दौर था, जब नमक सत्याग्रह, जंगल सत्याग्रह और नहर सत्याग्रह साथ-साथ चल रहे थे। नहर पर टैक्स लगाने के कारण नहर सत्याग्रह हुआ। ग्राम कोल के मालगुजार छोटेलाल श्रीवास्तव ने कंडेल नहर सत्याग्रह में अग्रणी भूमिका निभाई थी। पानी का टैक्स तो था ही, नहर के किनारे यदि हरी घास चरने किसानों अथवा जनजातीय लोगों के पशु चले जाते तो उन्हें पकड़कर कांजी हाउस भेज दिया जाता था। इन्हीं तमाम बंदिशों के चलते नहर सत्याग्रह शुरू हुआ। लोगों ने जंगल में पशु चरने के लिए भेजे, सरकारी कानून को तोड़ते हुए नहर किनारे भी भेजे। सरकार इन पशुओं को पकड़कर पहले बंद कर देती थी बाद में पशुओं की नीलामी होती थी। लेकिन, सबसे बड़ी बात यह थी कि गांव के लोग इन पशुओं की बोली ही नहीं लगाते थे और लोगों के पशु नीलाम नहीं हो पाते थे। अत: सत्याग्रह की यह पूरी प्रक्रिया लोगों की आपसी एकता की मिसाल थी। लोगों का सत्याग्रह को लेकर जज्बा था वे समूह में एकत्रित हो जाते थे। नवागांव सत्याग्रह के पहले ही प्रशासन ने धारा 144 लगा दी थी। लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध था। लोगों ने इसकी कतई परवाह नहीं की, धारा 144 के प्रतिबंध को भी नहीं माना। सैकड़ों लोगों की गिरफ्तारियां हुईं। लोगों को एक महीने से लेकर एक साल तक के कारावास की सजा दी गई, सिर्फ सजा ही नहीं आर्थिक जुर्माना भी किया गया। यह जुर्माना 50 रुपये से लेकर एक हजार तक हो सकता था। हाथ से कमाई करके खाने वाली जनजातियों के लिए यह राशि बहुत ज्यादा थी। इसे चुकाने में उनके पशु, बर्तन तक बिक जाया करते थे। जब-जब लोगों की भीड़ एकत्र हुई, उन पर लाठियां बरसाई गईं। इसे अंग्रेजों ने सरकारी भाषा में ''केन-चार्ज'' कहा। सत्याग्रह के पूर्व की फायरिंग में मिन्टू कुम्हार शहीद हो गये और रतनू घायल हो गए।

रायपुर गजेटियर में रुद्री नवागांव के जंगल सत्याग्रह का उल्लेख निम्नानुसार है- दिनांक 16 सितम्बर 1930 को जनजातियों ने धमतरी के पास (रुद्री-नवागांव) जंगल सत्याग्रह करने का प्रयास किया। जब पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो उस पर भीषण पथराव किया गया। एक थानेदार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने गोली चला दी। जिससे दो लोग घायल हो गये। इसी दिन रुद्री में जंगल-सत्याग्रह के लिये पांच हजार की भीड़ इकट्ठी हो गई। जब पुलिस सुपरिटेंडेंट ने भीड़ को तितर-बितर करने की कोशिश की तो उस पर हमला हो गया। परिस्थिति इतनी गंभीर हो गई कि जिला-प्रशासन चिंतित हो गया। इसके परिणामस्वरूप सोलह सितम्बर 1930 को धमतरी महासमुंद, आरंग और गरियाबंद में दंड देने वाली पुलिस तैनात कर दी गई जिसकी संख्या 122 थी तथा इस पर होने वाले 27 हजार 484 रुपये के व्यय की वसूली भी स्थानीय जनता से की गई।

छुटपुट हिंसा की वारदातें निरंतर होती रहीं। जिले की पूर्व जमींदारी, खेरियार के मवापारा में तीस सितम्बर को पुलिस पार्टी पर आक्रमण किया गया। ये लोग वहाँ जंगल-सत्याग्रहियों को गिरफ्तार करने गये थे। पुलिस वाले गोली चलाने के बाद ही खुद को बचा कर वहां से निकल पाये। इस घटना में दो लोग घायल हुए। चौलशारा, पटपरपाली, खुटेरी और रानाडाबरी ग्रामों में भी जंगल-सत्याग्रह ने उग्र रूप धारण कर लिया। अक्टूबर 1930 के मध्य तक जंगल सत्याग्रह ठंडा पड़ गया। अब मदिरा और विदेशी वस्त्रों की दुकानों पर पिकेटिंग की जाने लगी।

अगस्त 1930 तक जो असहयोग आन्दोलन और जंगल सत्याग्रह रायपुर तक केन्द्रित था उसका विस्तार करने का फैसला किया गया। जंगल सत्याग्रह का नेतृत्व करने वालों का मुख्य उद्देश्य रायपुर के उन सभी इलाकों में जंगल सत्याग्रह का विस्तार करना था, जहां जंगल थे और जहां के आदिवासी जंगल-कानूनों से त्रस्त थे। तदनुसार श्री शंकरराव गनोदवाले को धमतरी और महासमुंद में जंगल सत्याग्रह का संचालक बनाया गया। धमतरी में इसका नेतृत्व पंडित नारायणराव मेघावाल, पंडित सुन्दरलाल शर्मा, नत्थूजी जगताप, बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव तथा श्यामलाल सोम कर रहे थे, जो विशेषकर सिहावा-नगरी जंगल-सत्याग्रह के लिये जाने जाते हैं। "मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रखर जंगल सत्याग्रह धमतरी तहसील के रुद्री (नवागढ़) जंगल में हुआ" -

इस जंगल सत्याग्रह की यह विशेषता थी कि जो आदिवासी और ग्रामीण लोग पुलिस और प्रशासन के नाम से कांपते थे वे अब उसे खुले आम चुनौती दे रहे थे।" पहले हमारा एक दफेदार (फौरेस्टर) सारे गाँव को घेरकर ले आता था और अब ये जंगल-सत्याग्रही समूची सरकार से लोहा ले रहे हैं।" फॉरेस्ट अफसर इ.पी.एल. फास्टर ने लिखा था। रायपुर जंगल-सत्याग्रह का लगभग ऐसा ही विवरण नोट ऑन द सिविल डिसओबीडियेंस मूवमेंट (ऑफ 1930) इन सी.पी. एंड बरार में पृष्ठ 27 पर तथा सी.पी. गजट एक्स्ट्रा आर्डिनरी, पालिटिकल एंड मिलिट्री डिपार्टमेंट, नोटिफिकेशन नंबर 224, 19 जनवरी 1932 में भी उपलब्ध है।

इस जंगल-सत्याग्रह ने जो गंभीर स्वरूप लिया अंग्रेज उसे भांप नहीं पाये। ई.पी.एल. फॉस्टर उस समय रायपुर के डी.एफ.ओ. थे। लेकिन सत्याग्रह से निपटना अधिकांशतः जिला प्रशासन का काम था। इस सत्याग्रह से लोगों का साहस इतना बढ़ गया था कि रायपुर के पुलिस अधीक्षक की गाड़ी पर हमला हुआ जिसमें पुलिस अधीक्षक सहित 19 पुलिसकर्मी घायल हुए। आरंग, बुरेना, संबोरा और राजिम में भी पुलिस के विरुद्ध ऐसी ही घटनाएं घटीं जो सत्याग्रहियों के आक्रोश का प्रदर्शन थीं। रायपुर में तो यह घटना तब घटी थी जब पुलिस 50 सत्याग्रहियों को गिरफ्तार करके जेल ले जा रही थी। सितम्बर 1930 के मध्य तक स्थिति इतनी गंभीर हो गई थी कि प्रशासन को नियंत्रण करना कठिन हो गया था। 12 सितम्बर 1930 को प्रशासन ने जिले में प्रिवेन्शन ऑफ इनटिमिडेशन आर्डिनेंस नामक सख्त कानून लागू कर दिया।

हर तरफ सख्ती बरती गयी। धर-पकड़ का माहौल था। जंगल सत्याग्रह में डिस्ट्रिक्ट बोर्ड, रायपुर के अध्यापक भी शामिल हुए थे। अंग्रेजों ने तिलमिलाकर बोर्ड को भंग कर दिया। फिर चुनाव हुए, जनता का आक्रोश अंदर ही अंदर धधक रहा था। चुनाव में पुन: उन्हीं प्रत्याशियों की जीत हुई। पंडित रविशंकर शुक्ल को अध्यक्ष चुना गया। क्षेत्र में सत्याग्रह की छिटपुट घटनाएं चलती रहीं। 1930 के इसी सत्याग्रह आंदोलन की पृष्ठभूमि में सुलग रहे जनजातीय बंधु और आम जनता ने 1942 में करो या मरो आंदोलन में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। वर्ष 1942 के देशव्यापी आंदोलन ने स्वतंत्रता के लिए पृष्ठभूमि खड़ी कर दी।

- शशांक मणि पांडे
(लेखक- सम-सामयिक विषयों पर लेखन करते हैं।)

'आजादी का महापर्व'

आजादी का पर्व अमर शहीदों के बलिदान साहस और शौर्य के पुन:स्मरण का दिन

भोपाल, स्वतंत्रता दिवस (आजादी का पर्व) अमर शहीदों के बलिदान, साहस और शौर्य के पुन: स्मरण का दिन है। देश के वीर सपूतों ने मातृभूमि को रक्त से सींचकर हमें स्वतंत्रता दिलाई है। रानी दुर्गावती, चंद्रशेखर आजाद, रानी लक्ष्मी बाई और पृथ्वीराज चौहान जैसे वीर बलिदानियों के शौर्य को सदैव स्मरण रखने की जरूरत है। स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में पृथ्वीराज चौहान की वीरता, संघर्ष और विजय पताका का उदाहरण हमारे लिए गर्व का विषय है। हमारे देश का इतिहास रानी दुर्गावती जैसी कई वीरांगनाओं की शौर्य गाथाओं से भरा पड़ा है। स्वतंत्रता संग्राम, स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों के बलिदान, व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाशित पुस्तकें देश और प्रदेश के लिए बड़ा दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि पूर्व के हमारे वीर शासकों ने नवीन तकनीक का उपयोग नहीं किया लेकिन आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर देश के अभिमान को बचाए रखा। हमें समय की प्रासंगिकता को दृष्टिगत रखते हुए नवीन तकनीक का उपयोग करना चाहिए। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वतंत्रता दिवस पर भोपाल में आयोजित 'आजादी का महापर्व' सांस्कृतिक संध्या को संबोधित करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बदलते दौर में देश आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व पर हमें गर्व है। हमारी सेना किसी से कम नहीं है। उन्होंने भारत के सैनिकों की वीरता को सराहा।

कार्यक्रम में संस्कृति एवं पर्यटन राज्यमंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने 78वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देश को आजादी दिलाने वाले अमर शहीदों को याद कर नमन किया।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में शोध, अनुसंधान और नवाचार को मिल रहा है प्रोत्साहन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण एक दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए

भोपाल, संपूर्ण विश्व तेजी से ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था में परिवर्तित हो रहा है। पेट्रोल, औद्योगिक क्रांति की धुरी रहा है, परंतु नॉलेज अर्थात ज्ञान ही 21वीं सदी की अर्थव्यवस्था का आधार है। ऐतिहासिक रूप से भारतीय ज्ञान परंपरा बहुत समृद्ध रही है। इसी का परिणाम रहा कि आक्रांताओं ने हमेशा हमारे ज्ञान के केन्द्रों को निशाना बनाया और उन्हें नष्ट करने की कोशिश की। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, भोपाल के 11वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि विज्ञान शिक्षा के प्रसार के साथ-साथ शोध, अनुसंधान और नवाचार को भी देश में बहुत महत्व दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अकादमिक क्षेत्र में मध्यप्रदेश में आईआईटी, आईआईएम, आईसर, ट्रिपल आईटी, एनआईटी और आईआईएफएम जैसे राष्ट्रीय महत्व के संस्थान विद्यमान हैं। भोपाल में स्थापित हो रहा राष्ट्रीय फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी का परिसर राष्ट्रीय महत्व का है।

शिक्षा का उपयोग देश और समाज हित में करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के पास टेलेंट, टेक्नालॉजी, प्रबंधन और नेतृत्व का अनूठा संगम है। भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान जैसे केंद्रों के माध्यम से देश युवा शक्ति को श्रेष्ठतम शिक्षा उपलब्ध करा रहा है। युवाओं का यह कर्तव्य है कि प्राप्त शिक्षा और प्रशिक्षण का अधिक से अधिक उपयोग देश और समाज के हित में हो। मध्यप्रदेश ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में देश के लक्ष्य के अनुरूप कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहा है। प्रदेश के युवाओं को इंडस्ट्री रेडी बनाने के लिए 6 ग्लोबल स्किल्स पार्क स्थापित किए जा रहे हैं।

विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान की पहचान

केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमण ने भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान के विद्यार्थियों को दीक्षांत समारोह में पदक और उपाधियां प्राप्त करने के लिए बधाइयां और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भारत में जिज्ञासा, शोध और सीखने की संस्कृति और प्रवृत्ति के परिणाम स्वरूप ही देश के विभिन्न राज्यों के विद्यार्थी इस प्रतिष्ठित संस्थान में अध्ययनरत हैं। यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि विद्यार्थियों के अध्ययन, शोध और अनुसंधान का अधिकतम लाभ देश के लोगों के कल्याण में हो।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से दक्षिण कोरिया के उद्योगपतियों ने की भेंट

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से दक्षिण कोरिया और भारत की ज्वाइंट वेंचर कंपनी मरकबा ईसीडीएस के प्रतिनिधिमंडल ने भोपाल स्थित समत्व भवन में भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश में विभिन्न सेक्टरों में निवेश योजनाओं के संबंध में प्रस्तुतीकरण दिया। मरकबा ईसीडीएस कम्पनी द्वारा प्रथम चरण में लगभग 20 प्रोजेक्टों में 2 हजार करोड़ के निवेश प्रस्तावित किए गए हैं, जिससे 25 हजार से अधिक रोज़गार के अवसर सृजित होंगे।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन श्री राघवेंद्र कुमार सिंह तथा दक्षिण कोरिया प्रतिनिधिमंडल के सदस्य सर्वश्री जोओंग जोंग चेओल, खवांग ओन रेह्यू, जूनव्ही जो, गेल खांग, जुनसंग ली और वोसिओक चंग और श्री राजेश भारद्वाज उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से चर्चा में कम्पनी ने प्रदेश की औद्योगिक नीति का लाभ लेते हुए वाटर एंड सीवेज पाइप मैन्यूफेक्चरिंग, फार्मा, बायोटेक्नोलाजी, मेडिकल डिवाइसेस, टूल मैन्यूफेक्चरिंग, आईटी, नॉन फैरस मेटल, कार्बन फाइबर, बैटरी निर्माण, इलेक्ट्रानिक कंपोनेन्टस, नेनो फाइबर फ्रेम्स, बिग डेटा सोल्यूशन्स और ड्रोन टेक्नोलॉजी इत्यादि में निवेश की इच्छा व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री को ग्वालियर की लाड़ली बहनों ने बांधीं स्नेहिल राखियां

ग्वालियर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को ग्वालियर की लाड़ली बहनों ने माथे पर रोली-चंदन के टीके लगाए और कलाई पर स्नेहिल राखियां बांधीं। सभी बहनों ने उनकी दीर्घ आयु के लिए कामना की। मुख्यमंत्री ने सभी बहनों को उपहार भेंट किए। साथ ही कहा कि राज्य सरकार उनके हर सुख-दुख में सदैव सहभागी रहेगी। सरकार प्रदेश भर की बहनों के सशक्तिकरण में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। यह सुनकर सभी लाड़ली बहनें अभीभूत हो गईं।

तकनीकी कम्पनियों में युवाओं को मिलेंगे रोज़गार के अवसर

इंदौर, 21वीं सदी बौद्धिक युग की अग्रणी सदी है। कॉग्निजेंट कंपनी के आगमन से मध्यप्रदेश के युवाओं को रोज़गार के नए अवसर मिलेंगे। 18 एवं 19वीं सदी खाद्य और कपास से आर्थिक विकास से जुड़ी थी। 20वीं सदी पेट्रोकेमिकल से आर्थिक विकास का युग रहा। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आईटी कम्पनी कॉग्निजेंट के इंदौर सेंटर के शुभारंभ अवसर को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आईटी कम्पनियों को बेहतर वातावरण और सुविधाएं प्रदान करने के लिए मध्यप्रदेश सरकार सदैव तत्पर है। ये हमारे लिए बेहद खुशी की बात है कि कॉग्निजेंट ने अपने नए केंद्र के शुभारंभ के लिए इंदौर को चुना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लगातार नई तकनीकी कंपनियों एवं उद्योगों को स्थापित करने में अपना सहयोग देने, व्यवसायों के लिए नए-नए अवसर पैदा करने के इरादे पर अटल हैं। हम एक ऐसा माहौल बनाना चाहते हैं जिससे इनोवेशन एवं टेक्नोलॉजी का लगातार विकास हो, जो हमारे राज्य को डिजिटल केंद्र के रूप में आगे बढ़ाते हुए हमारे युवाओं के लिए अवसर पैदा करें।

हाईब्रिट मॉडल अपनाया गया

कॉग्निजेंट अमेरिका के ईवीपी एवं अध्यक्ष श्री सूर्या गुम्मादी ने कंपनी के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इंदौर शहर के मध्य में ब्रिलियंट टाइटेनियम में स्थित कंपनी का यह नया सेंटर 46 हजार वर्गफीट में फैला हुआ है। इस सेक्टर में 500 लोगों की बैठने की क्षमता है, यहां कामकाज के लिए हाइब्रिड मॉडल अपनाया गया है। इसी वजह से यहां 1250 एसोसिएट्स काम कर सकते हैं। इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किए गए।

ताइवान के पर्यटकों ने व्हाइट टाइगर सफारी का किया भ्रमण

सतना, महाराजा मार्तण्ड सिंह जू देव व्हाइट टाइगर सफारी की प्रसिद्धि देश के साथ-साथ विदेशों में भी हो रही है। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल के प्रयासों से निर्मित व्हाइट टाइगर सफारी अब विदेशी पर्यटकों के लिए भी आकर्षण का केन्द्र बन गया है। ताइवान से आए 18 विदेशी पर्यटकों ने टाइगर सफारी का भ्रमण किया और सफेद शेर के साथ बब्बर शेर, बंगाल टाइगर तथा अन्य वन्य प्राणियों को देखकर रोमांचित हुए।

महिलाओं की औद्योगिक गतिविधियों में सफलता उनकी सामर्थ्य का परिचायक - मुख्यमंत्री

भोपाल, भारतीय संस्कृति में महिलाएं शक्ति और सामर्थ्य का प्रतीक मानी गई हैं। रानी लक्ष्मी बाई, देवी अहिल्या और रानी दुर्गावती के पराक्रम और अपनी क्षमता के कई उदाहरण आज भी प्रेरणा के स्रोत हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं की समाज के लिए प्रतिबद्धता को पहचानते हुए ही लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की है। राज्य सरकार भी स्थानीय निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण उपलब्ध करा रही है, जो देश में सर्वाधिक है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में महिला उद्यमी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव महिला उद्यमी सम्मेलन को संबोधित करते हुए

मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक से 850 एमएसएमई इकाइयों को सिंगल क्लिक से 275 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि अंतरित की। साथ ही 99 इकाइयों का लोकार्पण और 12 इकाइयों का वर्चुअली भूमिपूजन किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला उद्यमियों के प्रोत्साहन के लिए प्रदेश में विशेष कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। साथ ही उनके द्वारा उद्यम संचालन के लिए विशेष भवन के निर्माण पर भी राज्य सरकार विचार कर रही है। सभी को आगे बढ़ने का मौका उपलब्ध कराने के लिये प्रदेश में सभी वर्गों को साथ लेकर औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देने के लिए कार्य किया जा रहा है।

स्कूल का समय बच्चों की क्षमताओं को पहचानने और विकसित करने का दौर

भोपाल, स्कूल का समय बच्चों के लिये अपनी क्षमताओं को पहचानने और उन्हें विकसित करने का महत्वपूर्ण दौर होता है। ऐसे समय में उन्हें सही मार्गदर्शन दिया जाना महत्वपूर्ण होता है। यह बात स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने भोपाल में पंडित सुंदर लाल शर्मा केन्द्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान में कॅरियर कैम्प को संबोधित करते हुए कही। कैम्प का विषय 'अनुभवात्मक शिक्षा एवं प्रतिस्पर्धा' था।

स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने कहा कि हमारे देश ने आजादी के बाद सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय तरक्की की है। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिये असीमित क्षेत्रों में बढ़ने और सफलता पाने के अवसर उपलब्ध हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षा कभी व्यर्थ नहीं जाती, इसे प्राप्त करने के हर अवसर का उपयोग किया जाना चाहिए। प्रदेश की बढ़ती खेल गतिविधियों की चर्चा करते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों के क्षेत्र में भी आगे आना चाहिए। प्रदेश के अनेक खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है।

कार्यक्रम में संस्थान के संयुक्त निदेशक श्री दीपक पालीवाल ने बताया कि इस कैम्प में छात्रों को विभिन्न आधुनिक तकनीकों और कॅरियर विकल्पों की जानकारी दी जा रही है जिनमें ड्रोन उड़ाने की तकनीक, थ्री डी प्रिंटिंग, ब्लॉक प्रिंटिंग और कृषि जैसे विषय शामिल हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मुख्यमंत्री ने एक करोड़ 29 लाख लाड़ली बहनों के खाते में अंतरित किये 1897 करोड़ रुपये

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव श्योपुर जिले के विजयपुर में आयोजित एक राज्यस्तरीय कार्यक्रम में शामिल हुए

श्योपुर, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश और मध्यप्रदेश में नारी सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर कार्य हो रहे हैं। बहनों को स्थानीय निकायों के निर्वाचन में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने लोकसभा और विधानसभा में भी बहनों को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय लिया। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्योपुर जिले के विजयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश की 1.29 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में 1897 करोड़ रुपये की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की। इसमें लाड़ली बहना योजना राशि के 1250 रुपये के अतिरिक्त 250 रुपये की राशि मुख्यमंत्री भैया का रक्षाबंधन के अवसर पर लाड़ली बहनों को उपहार है। साथ ही उज्ज्वला योजना अंतर्गत बहनों को 52 करोड़ रुपये की अनुदान राशि भी अंतरित की गई है। स्व-सहायता समूह की बहनों को 10 हजार 300 करोड़ की ऋण राशि विभिन्न स्व-रोज़गार गतिविधियों के लिए वितरित की गई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 344 करोड़ रुपये के 158 कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। साथ ही बहनों को लाड़ली लक्ष्मी सहित अन्य योजनाओं के हितलाभ वितरित किये गये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि माता-बहनें घर की रौनक, आनंद और मर्यादा होती हैं। राखी-धागे का संबंध सारे रिश्तों से बड़ा है। सावन के महीने में रक्षाबंधन का त्योहार, त्योहारों का राजा है।

वर्तमान समय आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की संभावनाओं का है - मुख्यमंत्री

रायसेन, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रायसेन जिले के मंडीदीप स्थित नेटलिंक परिसर में 'भविष्य की संभावनाओं तथा निवेश के अवसर' विषय पर कार्यक्रम का शुभारंभ कर नेटलिंक के सॉफ्टवेयर लूमिनोर-2.0 को लांच किया। साथ ही नेटलिंक की जर्नी पर आधारित पत्रिका का विमोचन भी किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश तकनीकी के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी के इस युग में हमारे देश के युवाओं ने दुनिया में अपना लोहा मनवाया है। वर्तमान समय आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का है। राज्य सरकार सूचना प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने के लिए सदैव सहयोग करती रहेगी। हमारा देश 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लूमिनोर की टीम के लिए बनाए गए ऑफिस का भी लोकार्पण किया।

नेटलिंक द्वारा बनाया लूमिनोर-2.0 एआई बेस्ड एक सॉफ्टवेयर है। इसकी सहायता से कोई भी एप कुछ ही मिनटों में बना सकता है। इसमें सूचना और तकनीकी का अद्भुत समन्वय है। पहले जो काम कई दिनों और घण्टों में होते थे, अब वह मिनटों में हो जाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेटलिंक ने सॉफ्टवेयर फील्ड में अपना महत्वपूर्ण स्थान बनाया है।

इंदौर और भोपाल बनेंगे वेटलैण्ड सिटी अधिमान्यता के लिए भेजा प्रस्ताव

भोपाल, देश में भोपाल एवं इंदौर पहले दो शहर हैं जिन्होंने वेटलैण्ड सिटी के रूप में अधिमान्यता के लिए प्रस्ताव दिया है। यह जानकारी राज्य वेटलैण्ड प्राधिकरण की चौथी बैठक में दी गई। पर्यावरण एवं वन मंत्री श्री रामनिवास रावत ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए नदी, तालाबों के किनारों पर पौधे लगाने और नदी-तालाब को शहर के सीवेज से प्रदूषित होने से रोकने के निर्देश दिए। श्री रावत ने कहा कि मध्यप्रदेश नदी तालाबों से एक संपन्न राज्य है। सरकार और समाज को मिलकर तालाबों का संरक्षण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य शासन तालाबों के समुचित संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। जल स्रोतों को बचाना राज्य शासन की उच्च प्राथमिकता है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

अध्यक्ष काउंसलिंग समिति, संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश

AICTE/PCI/COA से अनुमोदन प्राप्त शासकीय/स्वशासी/अनुदान प्राप्त/स्ववित्तीय एवं निजी संस्थाओं के तकनीकी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में

प्रवेश ऑनलाइन काउंसलिंग के माध्यम से प्रारंभ

सत्र 2024-25

डिप्लोमा	इंजीनियरिंग, आर्किटेक्चर, एम.ओ.एम./बी.सी.सी./फिल्म टेक., फार्मेसी, एकलव्य एवं अम्बेडकर योजना
स्नातक	बीई/बी.टेक., बी.आर्क., बी. डिजाईन, बी.एच.एम.सी.टी., बी. फार्मेसी
स्नातकोत्तर	एम.बी.ए., एम.सी.ए., एम.आर्क., एम.टेक., एम. फार्मेसी, फार्म.डी. (पीबी)
एकीकृत	आई.आई.एम.बी.ए., आई.आई.एम.सी.ए., फार्म.डी.
लेटरल एंट्री	इंजीनियरिंग, डिप्लोमा

*फार्मेसी पाठ्यक्रमों में प्रवेश की कार्यवाही शीघ्र प्रारंभ

मध्यप्रदेश तकनीकी शिक्षा के लिये बेहतर विकल्प

- बेहतर आधारभूत संरचना एवं प्रयोगशाला की सुविधा, प्लेसमेंट की सुविधा
- टी.एफ.डब्ल्यू. मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना
- मुख्यमंत्री जन कल्याण छात्रवृत्ति योजना
- इन्क्यूबेशन केन्द्र एवं स्टार्टअप को प्रोत्साहन
- औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप पाठ्यक्रम का निर्माण

प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अर्हता, सहायता केन्द्रों की सूची, पाठ्यक्रमवार संस्थाओं की सूची, प्रवेश के माध्यम, प्रमुख तिथियां वेबसाइट https://dte.mponline.gov.in पर उपलब्ध है।

शुल्क संबंधी जानकारियां वेबसाइट www.afrc.org पर उपलब्ध है।

अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें : 0755-2660441, 0755-6720205

अध्यक्ष काउंसलिंग समिति, संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश

M.P. Madhyam/115968/R-49962/2024

मध्यप्रदेश पुलिस के इतिहास में पहली बार एक वर्ष में मिले 15 वीरता पदक

भोपाल, मध्यप्रदेश में नक्सल गतिविधियों को समूल नष्ट करने के लिए संकल्पित मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश पुलिस निरंतर प्रभावी कार्रवाई कर रही है। भारत सरकार द्वारा स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर मध्यप्रदेश पुलिस के 12 अधिकारी एवं कर्मचारियों को वीरता पदक प्रदान करने की घोषणा की गई है। नक्सल विरोधी अभियानों के दौरान 4 मुठभेड़ों में साहस तथा सूझबूझ का प्रदर्शन कर 6 हार्डकोर नक्सलियों को धराशायी करने के फलस्वरूप 'वीरता पदक' से 11 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को और एक अन्य प्रकरण में एक अन्य अधिकारी को वीरता पदक प्रदान करने की घोषणा की गई है। तीन वीरता पदकों की घोषणा इसी वर्ष गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या 25 जनवरी 2024 को की गई थी। इस तरह वर्ष 2024 में नक्सल विरोधी अभियानों में 14 वीरता पदक तथा एक अन्य प्रकरण में एक अन्य अधिकारी को वीरता पदक प्रदान करने की घोषणा की गई है। इस प्रकार इस वर्ष कुल 15 वीरता पदक मध्यप्रदेश पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारी प्राप्त करेंगे।

इन्हें मिलेगा वीरता पदक

एडीजी (गुप्त वार्ता) श्री जयदीप प्रसाद ने बताया कि वीरता पदक पुलिस अधीक्षक श्री समीर सौरभ, सेनानी श्री मोतीउर्रहमान, सेनानी श्री पुनीत गेहलोद, निरीक्षक श्री आशीष शर्मा, उप निरीक्षक श्री मोहम्मद अयूब खान, उप निरीक्षक श्री आशीष शर्मा, उप निरीक्षक श्री मोहनलाल मरावी, उप निरीक्षक श्री नामदेव शर्मा, सहायक उप निरीक्षक श्री राजेश धुर्वे, सहायक उप निरीक्षक श्री अरुण मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक श्री अतुल कुमार शुक्ला तथा प्रधान आरक्षक श्री हनुमंत टेकाम को देने की घोषणा की गई है। वहीं इसी वर्ष गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर मध्यप्रदेश पुलिस के तीन जवानों को वीरता पदक प्रदान करने की घोषणा की गई थी, जिनमें निरीक्षक श्री अंशुमान सिंह चौहान, प्रधान आरक्षक श्री अतुल कुमार शुक्ला एवं प्रधान आरक्षक श्री मनोज कुमार कापसे शामिल थे। उल्लेखनीय है कि सहायक उप निरीक्षक अतुल कुमार शुक्ला को पूर्व में 2 बार वीरता पदक प्राप्त हुआ है तथा निरीक्षक आशीष शर्मा को भी दो वीरता पदक दिए जाने की घोषणा हुई है।

इन पुलिसकर्मियों को मिलेगा राष्ट्रपति विशिष्ट सेवा पदक

राष्ट्रपति विशिष्ट सेवा पदक अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री चंचल शेखर, पुलिस महानिरीक्षक श्री अरविंद कुमार सक्सेना, पुलिस महानिरीक्षक श्री राजेश कुमार हिंगणकर तथा पुलिस अधीक्षक श्री रामाधार भारद्वाज को देने की घोषणा की गई है।

सराहनीय सेवा पदक से सम्मानित होंगे ये पुलिसकर्मी

सराहनीय सेवा पदक उप पुलिस महानिरीक्षक श्री पंकज श्रीवास्तव, उप पुलिस महानिरीक्षक श्री राजेश सिंह, उप पुलिस महानिरीक्षक श्री विनीत कपूर, उप सेनानी सुश्री अंजना तिवारी, पुलिस अधीक्षक श्री योगेश्वर शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री महावीर सिंह मुजाल्दे, सहायक पुलिस महानिरीक्षक श्रीमती इरमीन शाह, उप पुलिस अधीक्षक श्री संजय कुमार दुबे, निरीक्षक श्री सुरेश कुमार बजानघाटे, उप पुलिस अधीक्षक श्री मानवेन्द्र सिंह कुशवाह, उप पुलिस अधीक्षक श्री रवि कुमार द्विवेदी, उप पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण नारायण बघेल, उप पुलिस अधीक्षक श्री सुरेन्द्र सिंह सिकरवार तथा उप निरीक्षक श्री शैलेन्द्र सिंह राजपूत को दिया जाएगा।

नगरीय निकायों के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के मानदेय में होगी 20 प्रतिशत की वृद्धि

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव देवी अहिल्याबाई होल्कर-महिला जनप्रतिनिधि सम्मेलन में महिला जनप्रतिनिधियों के साथ

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रक्षाबंधन के पावन पर्व पर सभी नगरीय निकायों के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के मानदेय में 20 प्रतिशत वृद्धि की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री निवास में रक्षाबंधन की थीम पर आयोजित देवी अहिल्याबाई होल्कर-महिला जनप्रतिनिधि सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि अगले महीने से इसका लाभ सभी महापौर, अध्यक्ष, सभापति, उपाध्यक्ष और पार्षदों को मिलेगा। नगरपालिक निगम के महापौर का मानदेय 22 हजार रुपये से बढ़कर 26 हजार 400 रुपये, उपाध्यक्ष का मानदेय 18 हजार से बढ़कर 21 हजार 600 रुपये और पार्षद का मानदेय 12 हजार से बढ़कर 14 हजार 400 रुपये प्रति माह हो जाएगा। नगरपालिका अध्यक्ष का मानदेय 6 हजार से बढ़कर प्रति माह 7 हजार 200 रुपये, उपाध्यक्षों का मानदेय 4 हजार 800 से बढ़कर 5 हजार 760 रुपये प्रति माह होगा और पार्षद का मानदेय 3 हजार 600 से बढ़कर 4 हजार 320 प्रति माह होगा। नगर परिषद के अध्यक्ष 4 हजार 800 के स्थान पर 5 हजार 760 रुपये, उपाध्यक्ष 4 हजार 200 के स्थान पर 5 हजार 40 रुपये और पार्षद 2 हजार 800 रुपये प्रति माह के स्थान पर 3 हजार 360 रुपये प्रति माह प्राप्त करेंगे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर हस्तांतरणीय विकास अधिकार वेब एप्लीकेशन का लोकार्पण भी किया और सर्टिफिकेट जनरेशन प्रक्रिया की शुरुआत की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नगरीय निकायों को वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए विशेष प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। करों व शुल्कों के माध्यम से स्वयं की आय में अपने संभाग में सबसे अधिक वृद्धि करने वाली नगरपालिका को 5 करोड़ रुपये तथा नगर परिषद को 2 करोड़ रुपये प्रति वर्ष प्रोत्साहन के रूप में दिए जाएंगे। इस राशि का उपयोग पार्षद निधि के रूप में जनप्रतिनिधियों द्वारा अपनी अनुशंसित अधोसंरचनात्मक कार्यों पर किया जायेगा।

महिला-आधारित उद्योगों को प्राथमिकता

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष-2025 को प्रदेश उद्योग-आधारित वर्ष के रूप में मनाने वाला है। अत: लघु-कुटीर उद्योग, महिला स्व-सहायता समूह और एमएसएमई को मिलाकर महिलाओं को रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इसी दिशा में प्रति माह रीजनल इन्वेस्टर समिट आयोजित की जा रही है। अगस्त माह में ग्वालियर, सितंबर में सागर और अक्टूबर में रीवा में इन्वेस्टर समिट होंगी। संपूर्ण प्रदेश में महिला-आधारित उद्योगों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि देवी अहिल्याबाई ने 300 वर्ष पहले महेश्वरी साड़ी उत्पादन की शुरुआत कर स्व-रोज़गार की दिशा में प्रभावी कदम उठाया था।

स्काउट एवं गाइड संगठन सिखाता है अनुशासन

भोपाल, स्काउट एवं गाइड संगठन के विद्यार्थी अनुशासन, परिश्रम, राष्ट्र प्रेम और मानवीय गुण सीखकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वतंत्रता दिवस की वर्षगांठ पर मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में भेंट करने आए करीब सवा सौ स्काउट एवं गाइड विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए कहीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की वर्षगांठ पर बधाई दी।

सागर बीएमसी में सुपर स्पेशलिटी सेवाएं अविलंब शुरू करना है प्राथमिकता

सागर, उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल सागर के बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज (बीएमसी) पहुंचे और वहां बनने वाले सुपर स्पेशलिटी सेवाओं के निर्माण के संबंध में समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने आयुक्त चिकित्सा शिक्षा से भी फोन पर चर्चा कर प्रस्ताव की पूरी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सागर बहुत बड़ा सेंटर है और हम यहां पर मेडिकल की सीटें 100 से बढ़ाकर 250 करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं अब सागर जिले का प्रभारी मंत्री हूं और प्रतिमाह यहां आऊंगा। इसलिए बीएमसी के सारे विषय प्राथमिकता से पूर्ण किए जाएं।

उप मुख्यमंत्री ने बीएमसी में कैथ लैब, न्यूरोलॉजी एवं कैंसर हॉस्पिटल की प्रगति को जाना और प्लानिंग की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने की तिरंगा यात्रा की अगुवाई

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में राज्य स्तरीय भव्य तिरंगा यात्रा की खुली जीप में सवार होकर अगुवाई की। इसमें खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग और सांसद श्री वी.डी. शर्मा भी साथ रहे। तिरंगा यात्रा में ओलंपियन विवेक सागर एवं ऐश्वर्य प्रताप सिंह भी सम्मिलित हुए।

मुख्यमंत्री ने देश की शान राष्ट्र ध्वज तिरंगा लहराकर यात्रा का आगाज किया। कांस्य पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के मिड फील्डर विवेक सागर और ओलंपियन एवं अर्जुन अवार्डी निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया।

यात्रा में सीएम खुली जीप में सवार होकर हाथ में तिरंगा थामे आगे-आगे चले। कई युवा साइकिल और पैदल भी चले। सावन की रिमझिम वर्षा में लोगों का जोश कम नहीं हुआ, लोग डीजे की धुन पर नाचते-गाते चले। यात्रा का समापन दोपहर 12 बजे मुख्य रेलवे स्टेशन पर हुआ।

मुख्यमंत्री को तिरंगा यात्रा में ट्रैक सूट में देखकर कार्यक्रम स्थल के स्कूली बच्चे, कॉलेज विद्यार्थी, खिलाड़ी एवं कोच सहित जन समूह में अप्रत्याशित उत्साह का संचार हुआ। युवाओं में जोश भरने के लिए मुख्यमंत्री को उसमें रचा-बसा देखकर सभी अभिभूत हुए।

तिरंगा यात्रा में मुख्यमंत्री के साथ महापौर श्रीमती मालती राय, अपर मुख्य सचिव श्रीमती स्मिता घाटे भारद्वाज, खेल संचालक श्री रवि कुमार गुप्ता, श्री सुमित पचौरी सहित स्कूलों और कॉलेजों के विद्यार्थी, युवाजन खिलाड़ी एवं कोच भी शामिल हुए।

देश भक्ति गीतों से हुए ओत-प्रोत

तिरंगा यात्रा में गायक श्री सुनील शुक्रवारे और उनकी टीम ने समां बांध दिया। उनके जोशीले देशभक्ति गीतों से पूरा क्षेत्र देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत था। उन्होंने मेरा रंग दे बसंती चोला..., मेरी आन तिरंगा है मेरी शान तिरंगा है मेरी जान तिरंगा है..., दिल दिया है जान भी देंगे ए वतन तेरे लिए..., मां तुझे सलाम..., अब के बरस तुझे धरती की रानी कर देंगे..., सुनो गौर से दुनिया वालो..., आदि जैसे गीत गाकर युवाओं में जोश भर दिया।

इस तिरंगा यात्रा का आरंभ सुभाष नगर ब्रिज के पास से हुआ। इसका समापन भोपाल रेलवे स्टेशन के पास किया गया। इस बीच भव्य तिरंगा यात्रा का 100 से अधिक स्थानों पर भव्य स्वागत हुआ। स्कूल, कॉलेज, सामाजिक संस्था, सामाजिक संगठन, नागरिक, दुकानदार, रहवासियों ने तिरंगा यात्रा का फूल बरसा कर और पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। रिमझिम बारिश से शुरू यात्रा को तेज बारिश भी नहीं रोक पाई

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश के
शहडोल, गुना, झाबुआ, खंडवा,
छतरपुर एवं पिपरिया में
एजेंसी नियुक्त करना है।

एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालीन समय में संपर्क करें

0755-2760006

प्रमुख आकर्षण

- कॅरियर की खबरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- सम-सामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें
प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध

स्मिता शर्मा

केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड का सीईओ पद छोड़ा

केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सेंसर बोर्ड) की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) स्मिता शर्मा ने इस पद की जिम्मेदारियों से खुद को मुक्त कर लिया है। भारतीय सूचना सेवा की अधिकारी स्मिता दिसंबर 2013 में सेंसर बोर्ड की सीईओ बनी थीं। उन्होंने यह पद उस समय संभाला था जब सेंसर बोर्ड के मुंबई स्थित कार्यालय में रिश्वत की शिकायतों के बाद तात्कालिक सीईओ रवींद्र भाकर को पद से हटा दिया गया था।

श्रेयस रॉयल

ब्रिटेन के सबसे युवा ग्रैंड मास्टर बने

भारतीय मूल के 15 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी श्रेयस रॉयल ब्रिटेन के सबसे युवा ग्रैंड मास्टर बन गए हैं। श्रेयस ने ब्रिटिश शतरंज चैम्पियनशिप में छठवें स्थान पर रहकर ग्रैंड मास्टर टाइटल अपने नाम किया। सात वर्ष की उम्र से शतरंज खेलना शुरू करने वाले श्रेयस ने एक वर्ष के अंदर अपना पहला यूरोपियन टाइटल जीता था। वह वर्ष 2017 में यूरोपियन यूथ अंडर-8 शतरंज चैम्पियन बने थे। इससे पहले डेविड हॉवेल के नाम ब्रिटेन के सबसे युवा ग्रैंड मास्टर होने का रिकॉर्ड था। हॉवेल वर्ष 2007 में 16 वर्ष की आयु में ग्रैंड मास्टर बने थे।

एरिसा ट्यू

चौदह वर्ष की आयु में बनीं ओलंपिक चैम्पियन

ऑस्ट्रेलिया की 14 वर्षीय एथलीट एलिसा ट्यू ने पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। ओलंपिक खेलों में पहली बार हिस्सा ले रही एरिसा ने महिलाओं की स्केटबोर्डिंग पार्क स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। वह इस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं। इस स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाली जापान की खिलाड़ी कोकोना हिराकी भी महज 15 वर्ष और कांस्य पदक विजेता ब्रिटिश खिलाड़ी स्काई ब्राउन 16 वर्ष की हैं।

सईदा विनीता

राष्ट्रीय हरित अधिकरण की रजिस्ट्रार जनरल बनीं

मध्यप्रदेश न्यायिक सेवा की सदस्य सईदा विनीता को राष्ट्रीय हरित अधिकरण (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) की मुख्य पीठ में रजिस्ट्रार जनरल नियुक्त किया गया है। उन्हें प्रतिनियुक्ति के आधार पर यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। वर्ष 2007 में सिविल जज के रूप में राज्य न्यायिक सेवा में शामिल हुईं सईदा वर्ष 2012 में सीनियर डिवीजन जज और वर्ष 2018 में जिला जज के रूप में पदोन्नत हुई थीं। वह मध्यप्रदेश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव भी रही हैं।

अल्मा कूपर

मिस यूएसए-2024 बनीं

अमेरिका के मिशिगन की 22 वर्षीय अल्मा कूपर ने मिस यूएसए-2024 का खिताब जीत लिया है। अमेरिका के स्टेनफोड विश्वविद्यालय से डाटा साइंस में मास्टर्स करने वाली अल्मा अमेरिकी सेना में अधिकारी हैं। प्रतियोगिता में मिस केंटुकी कोनोर पेरी फर्स्ट रनरअप और मिस ओक्लोहामा दिनाका क्रिस्टोफरसन सेकेंड रनरअप रहीं। अल्मा को पूर्व मिस यूएसए सवाना गैंकिविक्ज ने ताज पहनाया। इस अवसर पर अल्मा कूपर ने कहा कि एक प्रवासी श्रमिक की बेटी, एफ्रो लेटिन मूल की महिला और अमेरिकी सेना में एक अधिकारी के रूप में मैं अपने सपने को जी रही हूं।

दिनेश कार्तिक

दक्षिण अफ्रीका की एसए-20 लीग के ग्लोबल एंबेसडर बने

दक्षिण अफ्रीका की घरेलू ट्वेंटी-20 लीग एसए-20 ने भारत के पूर्व क्रिकेटर दिनेश कार्तिक को अपना ग्लोबल एंबेसडर बनाया है। कार्तिक अब दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज पूर्व क्रिकेटर एबी डिविलियर्स के साथ मिलकर लीग का फैनबेस बढ़ाने का काम करेंगे। वहीं लीग की पर्ल रॉयल्स टीम ने कार्तिक को खिलाड़ी के रूप में तीसरे सत्र के लिए अनुबंधित किया है। वह अगले वर्ष 9 जनवरी से शुरू होने वाली एसए-20 लीग में खेलते हुए नजर आयेंगे। वह दक्षिण अफ्रीका की क्रिकेट लीग से जुड़ने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर होंगे। दिनेश कार्तिक ने इस वर्ष जून में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट और आईपीएल से संन्यास ले लिया था।

आनंद कुमार

दक्षिण कोरिया पर्यटन के मानद राजदूत नियुक्त हुए

भारत के जाने-माने शिक्षाविद और सुपर-30 के संस्थापक आनंद कुमार को वर्ष 2024 के लिए दक्षिण कोरिया पर्यटन का मानद राजदूत बनाया गया है। आनंद कुमार को यह जिम्मेदारी दक्षिण कोरिया को पर्यटन और शिक्षा के केंद्र के रूप में बढ़ावा देने के लिए दी गई है। उनकी यह नियुक्ति शिक्षा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए की गई है। आनंद कुमार जल्द दक्षिण कोरिया जायेंगे और सियोल स्थित कोरिया पर्यटन संगठन (केटीओ) के कार्यालय में यह सम्मान ग्रहण करेंगे। केटीओ के भारत और सार्क देशों के क्षेत्रीय निदेशक म्योंग किल सुन ने कहा कि आनंद कुमार अपनी सुपर-30 पहल के कारण दक्षिण कोरिया में काफी लोकप्रिय हैं।

निक हॉक्ले

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया का सीईओ पद छोड़ने का किया ऐलान

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ निक हॉक्ले ने घोषणा की है कि वह अगले वर्ष मार्च में अपने पद से इस्तीफा देंगे। वह पिछले पांच वर्षों से इस पद पर काबिज थे। हॉक्ले ने कहा कि पद छोड़ने का निर्णय बेहद कठिन था, लेकिन पांच वर्ष सफलतापूर्वक काम करने के बाद यही समय होगा कि मैं आगे बढ़ूं और कोई नई चुनौती लूं। उन्होंने कहा कि मैं मार्च 2025 में इस पद से हटूंगा, तब तक क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के पास समय होगा कि वह अपना नया सीईओ ढूंढ ले। हॉक्ले वर्ष 2020 में कोरोना काल के दौरान क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अंतरिम सीईओ बने थे, वर्ष 2021 में उन्हें स्थायी पदभार मिला था।

याह्या सिनवार

उग्रवादी समूह हमास के नए प्रमुख बने

ईरान में फिलिस्तीन के उग्रवादी समूह हमास के प्रमुख इस्माइल हानियेह की मृत्यु के बाद याह्या सिनवार को हमास का नया प्रमुख बनाया गया है। हमास ने एक आधिकारिक बयान जारी कर बताया कि सिनवार को हमास राजनीतिक ब्यूरो का प्रमुख नियुक्त किया गया है। सिनवार को पिछले वर्ष अक्टूबर को इजराइल पर किए गए हमास के हमले का मुख्य साजिशकर्ता माना जाता है। इस हमले में हमास के उग्रवादियों ने इजराइल के लगभग 1200 लोगों की हत्या कर दी और लगभग 250 लोगों को बंधक बना लिया था। इस हमले के बाद इजराइल ने गाजा में सैन्य अभियान शुरू किया था।

नासा ने

मिशन क्रू-9 को किया स्थगित

पिछले दो महीने से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में फंसे अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर की धरती पर वापसी न होने के बाद अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने अपने मिशन क्रू-9 को स्थगित कर दिया है। इस मिशन के तहत चार अंतरिक्ष यात्रियों को स्पेसएक्स के क्रू ड्रैगन कैप्सूल की मदद से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भेजना था। नासा ने कहा कि मिशन क्रू-9 को स्थगित किया गया है, ताकि अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर बोइंग स्टारलाइनर यान में फंसे अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को ज्यादा समय मिल सके। उल्लेखनीय है कि सुनीता और विल्मोर को लेकर बोइंग स्टारलाइनर 6 जून को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचा था, लेकिन 13 जून को यान के थ्रस्टर्स में समस्या आने से दोनों अंतरिक्ष यात्री वहां फंस गए हैं।

मिजैन लोपेज

स्वर्ण पदक जीतकर कुश्ती से लिया संन्यास

क्यूबा के दिग्गज पहलवान मिजैन लोपेज ने पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के बाद कुश्ती से संन्यास ले लिया है। 41 वर्षीय लोपेज ने पेरिस ओलंपिक में ग्रीको रोमन कुश्ती के 130 किलोग्राम भारवर्ग में चिली के यास्मानी अकोस्टा को 6-0 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह ओलंपिक खेलों में उनका पांचवां स्वर्ण पदक है। उन्होंने इससे पहले बीजिंग ओलंपिक (2008), लंदन ओलंपिक (2012), रियो ओलंपिक (2016) और टोक्यो ओलंपिक (2020) में भी स्वर्ण पदक जीता है। स्वर्ण पदक जीतने के बाद लोपेज ने कुश्ती मैट पर प्रतिकात्मक स्वरूप अपने जूते रखकर संन्यास लेने की घोषणा की।

गोविंदराजन पद्मनाभन

विज्ञान रत्न पुरस्कार से होंगे सम्मानित

केंद्र सरकार ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाली विभूतियों को सम्मानित करने के लिए राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कारों की घोषणा की है। प्रख्यात बायोकेमिस्ट गोविंदराजन पद्मनाभन को विज्ञान रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इस पुरस्कार की शुरुआत इसी वर्ष से की गई है। गोविंदराजन पद्मनाभन अभी बेंगलुरू स्थित भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) में मानद प्रोफेसर के तौर पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसके अलावा वह तमिलनाडु केंद्रीय विश्वविद्यालय के चांसलर भी हैं। गोविंदराजन को वर्ष 1991 में पद्मश्री और वर्ष 2003 में पद्म भूषण से सम्मानित किया जा चुका है। मलेरिया पैरासाइट पर उनके शोध की विश्व स्तर पर सराहना हुई है।

टी.वी. सोमनाथन

केंद्रीय कैबिनेट सचिव बनेंगे

केंद्र सरकार ने वरिष्ठ अधिकारी टी.वी. सोमनाथन को केंद्रीय कैबिनेट सचिव नियुक्त किया है। उन्हें 30 अगस्त, 2024 से दो वर्ष के कार्यकाल के लिए कैबिनेट सचिव बनाया गया है। वह वर्तमान कैबिनेट सचिव राजीव गौबा की जगह लेंगे, जो इस महीने अपना पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा कर रहे हैं। गौबा सबसे अधिक समय तक कैबिनेट सचिव रहने वाले अधिकारी हैं। सोमनाथन तमिलनाडु कैडर के वर्ष 1987 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं और केंद्रीय वित्त सचिव के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने वर्ष 2015 से 2017 तक प्रधानमंत्री कार्यालय में संयुक्त सचिव और अतिरिक्त सचिव के रूप में काम किया है।

टिम वॉल्ज

डेमोक्रेटिक पार्टी से उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बने

अमेरिका में राष्ट्रपति पद की दावेदार और डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस ने मिनेसोटा के गवर्नर टिम वॉल्ज को डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुना है। 60 वर्षीय वॉल्ज अमेरिका के आर्मी नेशनल गार्ड में सेवाएं देने के साथ शिक्षक भी रहे हैं। उन्हें प्रगतिशील नीति निर्माता के रूप पहचाना जाता है। वह 12 वर्ष तक अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के सदस्य रहे हैं और वर्ष 2018 में वह मिनेसोटा के गवर्नर चुने गए थे। उपराष्ट्रपति पद के लिए टिम वॉल्ज का सामना रिपब्लिकन उम्मीदवार जेडी वेंस से होगा।

स्मृति शेष

भरतनाट्यम नृत्यांगना यामिनी कृष्णमूर्ति का निधन

भारत की दिग्गज भरतनाट्यम नृत्यांगना यामिनी कृष्णमूर्ति का 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। वह उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रही थीं और पिछले सात महीनों से आईसीयू में थीं। महज 17 वर्ष की आयु में भरतनाट्यम शुरू किया था। उनकी डांस अकादमी यामिनी स्कूल ऑफ डांस नई दिल्ली में है। इस अकादमी में वह लोगों को भरतनाट्यम का प्रशिक्षण देती थीं। यामिनी कृष्णमूर्ति को नृत्य के क्षेत्र में बेहतरीन योगदान के लिए वर्ष 1968 में पद्मश्री, वर्ष 2001 में पद्मभूषण और वर्ष 2016 में पद्मविभूषण से सम्मानित किया गया है।

इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर ग्राहम थोर्प का निधन

इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर और कोच ग्राहम थोर्प का लंबी बीमारी के कारण निधन हो गया। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने बताया कि 55 वर्षीय थोर्प वर्ष 2022 से बीमार थे। टेस्ट क्रिकेट के बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक थोर्प ने 100 टेस्ट मैचों में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने वर्ष 1993 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच में शानदार शतक लगाकर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। थोर्प ने टेस्ट क्रिकेट में 44.66 की औसत से 6744 रन बनाये हैं, इनमें 16 शतक और 39 अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने 82 वन-डे मैच भी खेले हैं। घरेलू क्रिकेट में थोर्प का प्रदर्शन जबरदस्त रहा है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

हमारा जिला उज्जैन

आध्यात्मिक पर्यटन का केंद्र बनी अवंतिका नगरी

मध्यप्रदेश विविधता से समृद्ध है। प्रदेश के हर क्षेत्र की अपनी विशेषता है, क्षमता है और दक्षता है। यहां का प्रत्येक जिला अपना इतिहास, कला, संस्कृति, परंपरा, उपज और अन्य क्षेत्रीय विशेषताएं लिए हुए हैं। 'रोज़गार और निर्माण' के हमारा जिला स्तम्भ में हम मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से आपको परिचित करवा रहे हैं। इस अंक में प्रस्तुत है उज्जैन जिले का परिचय-



उज्जैन जिला अति प्राचीन है। जिला मुख्यालय, उज्जैन शहर में स्थित है। उज्जैन शहर क्षिप्रा नदी के तट पर बसा है। यह मालवा पठार के दक्षिणी किनारे पर स्थित है। राजधानी भोपाल से 190 किलोमीटर पश्चिम में स्थित है। जिला उत्तर में आगर मालवा, पूर्व में शाजापुर, दक्षिण में इंदौर और पश्चिम में रतलाम जिलों की सीमा से लगा हुआ है। उज्जैन जो पहले अवन्तिका, उज्जयिनी और कनकश्रन्गा आदि नाम से जाना जाता था, हमारी पुरातन संस्कृति और निर्माण का साक्षी है। यह महान सम्राट विक्रमादित्य के राज्य की राजधानी रही है। उज्जयिनी से काल गणना आरंभ हुई है। इस नगरी में अनेक वीरों, श्रेष्ठ विद्वानों और महान कवियों का जन्म हुआ है।

यह आदि महाकाल की नगरी है। यहां विराजे हैं भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में एक महाकाल। उज्जयिनी में प्रति 12 वर्षों में सिंहस्थ महाकुंभ मेला लगता है। मंदिरों की नगरी उज्जैन में कई तीर्थ हैं। महाकाल ज्योर्तिलिंग के आसपास क्षिप्रा तट पर मध्यप्रदेश सरकार ने भव्य महाकाल महालोक का निर्माण किया है। इसे देखने देश-दुनिया के लोग और श्रद्धालुजन हजारों की संख्या में आते हैं। यह क्षेत्र आध्यात्मिक पर्यटन का बड़ा केन्द्र बन गया है।

उज्जैन जिले में 11 तहसीलें उज्जैन शहर, उज्जैन ग्रामीण, उज्जैन कोठी महल, घटिया, तराना, माकडोन, महिंदपुर, झार्डा, बड़नगर, खाचरोद और नागदा शामिल हैं। जिले में ब्लॉक्स की संख्या 6 है, वर्तमान में, संसदीय और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के बाद, इस जिले में 7 विधानसभा क्षेत्र हैं। उज्जैन (उत्तर), उज्जैन (दक्षिण), खाचरोद-नागदा, महिदपुर, तराना, घटिया और बड़नगर।

इतिहास

उज्जैन का इतिहास काफी पुराना है। यहां की गई खुदाई में प्रारंभिक लौहयुगीन सामग्री प्राप्त हुई है। कृष्ण, बलराम, सुदामा आदि यहां गुरु सांदीपनि के आश्रम में विद्याप्राप्त करने आये थे। ईसा पूर्व पहली शताब्दी के आरंभ में यहां राजा गन्धर्वसेन का शासन था।

सम्राट विक्रमादित्य

सम्राट विक्रमादित्य उज्जैन के शासक थे, उनके पिता राजा गंधर्वसेन थे। शकों ने गंधर्वसेन को युद्ध में हराकर उज्जैन पर अधिकार कर लिया था तब विक्रमादित्य ने शकों के विरुद्ध युद्ध किया और उन्हें परास्त कर उज्जैन में पुनः अपना साम्राज्य स्थापित किया। वह इस देश के महान सम्राट कहलाए। राजा विक्रमादित्य ने ही विक्रम संवत् की शुरुआत की थी।

महाकवि कालिदास

महाकवि कालिदास उज्जयिनी के प्रसिद्ध सम्राट विक्रमादित्य के दरबार के नवरत्नों में से एक थे। कालिदास ने उज्जयिनी का अत्यंत ही सुंदर वर्णन किया है।

मौर्य साम्राज्य

मौर्य सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य यहां आए थे। उनके पोते अशोक यहां के राज्यपाल थे। उनकी भार्या वेदिसा देवी ने महेंद्र और संघमित्रा को जन्म दिया। इन दोनों ने कालांतर में श्रीलंका में बौद्ध धर्म का प्रचार किया। बिन्दुसार की मृत्योपरान्त अशोक ने उज्जयिनी के शासन की बागडोर संभाली और उज्जयिनी का सर्वांगीण विकास किया। सम्राट अशोक के पश्चात उज्जयिनी ने दीर्घ काल तक अनेक सम्राटों का उतार-चढ़ाव देखा।

गुप्त साम्राज्य

चौथी शताब्दी में गुप्त वंश ने मालवा से शकों की सत्ता समाप्त कर दी। गुप्त काल में इस क्षेत्र का अद्वितीय आर्थिक एवं औद्योगिक विकास हुआ। छठी से दसवीं सदी तक उज्जैन गुर्जर प्रतिहारों की राजनैतिक तथा सैनिक स्पर्धा का केन्द्र था।

सातवीं शताब्दी में उज्जैन कन्नौज के हर्षवर्धन साम्राज्य में विलीन हो गया। उस काल में उज्जैन का सर्वांगीण विकास भी हुआ। हर्षवर्धन की मृत्यु के पश्चात गुर्जर काल में नवीं शताब्दी तक उज्जैन परमार राजवंश के आधिपत्य में आया जो ग्यारहवीं शताब्दी, तक कायम रहा, इस काल में उज्जैन की उन्नति होती रही। इसके पश्चात उज्जैन गोर बंजारा, पावर लुंसावत वंश, चौहान राजवंश और तोमर राजवंश के अधिकार में आ गया।

मराठों का अधिकार

सन् 1737 ई. में उज्जैन सिंधिया वंश के अधिकार में आया। उनका वर्ष 1880 तक एक छत्र राज्य रहा जिसमें उज्जैन का सर्वांगीण विकास होता रहा। सिंधिया वंश की राजधानी उज्जैन बनी। राणोजी सिंधिया ने महाकालेश्वर मंदिर का जीर्णोद्धार कराया। इस वंश के संस्थापक राणोजी शिंदे के मंत्री रामचंद्र शेणवी ने वर्तमान महाकाल मंदिर का निर्माण करवाया। वर्ष 1810 में सिंधिया राजधानी ग्वालियर ले जायी गयी किन्तु उज्जैन का सांस्कृतिक विकास जारी रहा।

उज्जयिनी में अनेक धार्मिक पौराणिक एवं ऐतिहासिक स्थल हैं जिनमें भगवान महाकालेश्वर मंदिर, गोपाल मंदिर, चौबीस खंभा देवी, चौसठ योगिनियां, नगर कोट की रानी, हरसिद्धि मां, गढ़कालिका, काल भैरव, विक्रांत भैरव, मंगलनाथ, सिद्धवट, गज लक्ष्मी मंदिर, बृहस्पति मंदिर, नवग्रह मंदिर, भूखी माता, भर्तृहरि गुफा, पीरमछन्दर नाथ समाधि, कालिया देह महल, कोठी महल, घंटाघर, जन्तर-मंतर, चिंतामन गणेश मंदिर आदि प्रमुख हैं।

फसलें - जिले की प्रमुख फसलें गेहूं, चना और सोयाबीन हैं।

दर्शनीय स्थल

श्री महाकालेश्वर मंदिर- भारत के आध्यात्मिक स्थल आध्यात्मिक अनुभूति के साथ विकास के केन्द्र हैं। यहां आध्यात्म के साथ आधारभूत विकास का ताना-बाना भी बुना गया है। मध्यप्रदेश में उज्जैन का महाकालेश्वर ज्योर्तिलिंग धर्म दर्शन की अनुभूति और आस्था के अलावा पर्यटकों के आकर्षक का केन्द्र भी है। इन स्थलों पर देश दुनिया के श्रृद्धालुओं और पर्यटकों के आगमन से पर्यटन गतिविधियों और राजस्व को बढ़ावा मिलता है। यहां लोगों के दैनिक आगमन के अलावा परंपराओं और महापर्वों में सिंहस्थ तथा अन्य पर्वों के आयोजन में विशाल संख्या में लोग एकत्रित होते हैं। विभिन्न वाद्ययंत्रों के साथ महाकालेश्वर की भव्य आरती का समवेत स्वर एक अनूठा अनुभव देता है। महाकालेश्वर परिसर के विभिन्न मंदिरों में गर्भगृह के पश्चिम, उत्तर और पूर्व में गणेश, पार्वती और कार्तिकेय की मूर्ति स्थापित है।

वैदिक घड़ी - उज्जैन कर्क रेखा पर स्थित है। ऐसी मान्यता है कि उज्जैन को लंबे समय से काल गणना का केंद्र बिंदु माना जाता रहा है। भारतीय मानक समय के लिए 82.5E देशांतर को अपनाने से पहले, उज्जैन (75.78E) को भारत के लिए मध्याह्न रेखा माना जाता था। हिन्दू कैलेंडर विक्रम संवत की शुरुआत भी उज्जैन से हुई है। विक्रम संवत की गणना इसी वैदिक घड़ी से की जाती थी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने फरवरी 2024 को उज्जैन में विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का लोकार्पण किया। वैदिक घड़ी के बारे में कहा जाता है कि इसका संबंध सदियों पुराने इतिहास से है। ऐसा माना जाता है कि 1906 से पहले मानक समय की गणना इसी वैदिक घड़ी के माध्यम से की जाती थी। इस घड़ी को उज्जैन की जीवाजी वेधशाला के पास स्थापित किया गया है। यह घड़ी करीब 85 फीट ऊंचे टावर में लगाई गई है। इसमें समय के साथ-साथ मुहूर्त भी दिखाई देगा। इस घड़ी की खास बात यह है कि इसे इंटरनेट से जोड़ा गया है। इस घड़ी में कई लेटेस्ट फीचर हैं। डिजिटल घड़ी लोगों को अहम और महत्वपूर्ण जानकारी देती है। टाइम बताने के अलावा यह घड़ी, वैदिक हिंदू पंचांग, तिथि, ग्रहों की स्थिति, ज्योतिषीय गणना और भविष्यवाणियों की भी जानकारी देती है। इस घड़ी में सूर्योदय से सूर्यास्त तक की गणना की जाती है।

श्री चिंतामन गणेश मंदिर- शहर से 7 किलोमीटर दूरी पर चिंतामण गणेश मंदिर है। यह स्थान उज्जैन से फतेहाबाद रेलवे लाईन पर है, यहां पर सड़क मार्ग से भी पंहुचा जा सकता है। यहां स्थित गणेश मूर्ति को स्वयंभू बताया गया है।

हरसिद्धि मंदिर- यह देवी राजा विक्रमादित्य की आराध्य देवी हैं। उज्जैन के प्राचीन एवं पवित्र स्थानों में हरसिद्धि का विशेष महत्व है। यह मंदिर चौरासी सिद्धपीठों में से एक है। इस मंदिर के चारों ओर चार द्वार हैं। प्रमुख प्रवेश द्वार पूर्व दिशा में है। दक्षिण में एक बावड़ी है बावड़ी के ऊपर एक स्तंभ पर संवत् 1947 अंकित है। मंदिर में अन्नपूर्णा देवी की मूर्ति है। नित्य दुर्गा पाठ होता है। मंदिर के सामने दो ऊँचे तथा विशाल स्तंभ हैं, जिनकी दीप संख्या 726 है। यहां नवरात्रि के समय जलते हुए दीपकों का दृश्य देखते ही बनता है।

सिद्ध वट - यह स्थान शहर से 5 किलोमीटर दूरी पर क्षिप्रा तट पर स्थित है। यह एक प्रसिद्ध सिद्ध स्थल है। इसे पापमोचन तीर्थ की संज्ञा भी दी गई है। मान्यता है कि यहां पर स्थित सिद्धवट माता पार्वती ने लगाया था तथा उसका पूजन भी किया था। नाथ सम्प्रदाय के साधुओं द्वारा भी यहां पूजा की जाती है। यहां भगवान शंकर की मूर्ति भी है। यहां श्राद्ध, पिंड, तर्पण, पिंडदान, कालसर्प शांति एवं त्रिपिंडी श्राद्ध करने का विशेष महत्व बताया गया है। यहां यात्रियों की सुविधा हेतु विश्रामगृह एवं भोजनशाला का निर्माण भी कराया गया है।

काल भैरव मंदिर - यह मंदिर शहर से 4 किलोमीटर दूर क्षिप्रा तट पर स्थित अति प्राचीन मंदिर है। शैव मतों के आठ प्रसिद्ध भैरवों में से यह एक है। यह मंदिर कापालिक व औघड़ सम्प्रदाय के अनुयायियों के लिए विशेष महत्व रखता है।

सांदीपनि आश्रम

शहर से पांच किलोमीटर दूर मंगलनाथ रोड़ पर सांदीपनि आश्रम है। भगवान कृष्ण तथा सुदामा ने इसी आश्रम में विद्याध्ययन किया था। यहां गोमती सरोवर नामक कुण्ड है, एक उपवन भी है जिसमें महर्षि सांदीपनि की गद्दी है। महर्षि सांदीपनि की मूर्ति के साथ-साथ श्रीकृष्ण बलराम एवं सुदामा की मूर्तियां भी हैं। यहां श्री वल्लभचार्य की चौरासी बैठकों में तिहत्तरवीं बैठक है। पास ही विष्णु सागर है। इस स्थान को अंकपात कहते हैं। क्योंकि यहां श्री कृष्ण भगवान के पाद अर्थात चरणों का अंकन है।

मंगलनाथ गोपाल मंदिर - मत्स्यपुराण के अनुसार क्षिप्रा नदी के किनारे शहर से 5 किलोमीटर दूरी पर स्थित यह मंदिर मंगल ग्रह की उत्पत्ति का स्थल है। मंगलवार के दिन यहां विशेष पूजा अर्चना होती है।

नवग्रह मंदिर (त्रिवेणी) - शहर से 5 किलोमीटर दूरी पर त्रिवेणी संगम है। यह स्थान उज्जैन इंदौर रोड पर स्थित है, यहां नवग्रहों की प्राचीन मूर्तियां हैं। प्रति शनिश्चरी अमावस्या को यहां स्नान के लिए तीर्थयात्रियों की बहुत भीड़ रहती है एवं स्नान के बाद शनि मंदिर तथा नवग्रहों के दर्शन करते हैं। अधिकतर श्रद्धालु पुराने वस्त्र एवं चप्पल-जूते यहीं छोड़ जाते हैं। मान्यता है कि ऐसा करने से शनि का कुप्रभाव कम हो जाता है।

चौबीस खंबा मंदिर - महाकाल के पास ही पटनी बाजार जाते समय रास्ते में यह मंदिर स्थित है इसमें 24 खंभे हैं, अत: इसे चौबीस खम्भा कहते हैं, यह द्वार अत्यन्त प्राचीन है, द्वार के दोनों और महामाया एवं महालया देवी की मूर्तियाँ हैं। इसे भद्रकाली का स्थान भी कहते हैं।

नगरकोट की रानी - यह उज्जैन शहर के दक्षिण पश्चिम कोने की सुरक्षा देवी हैं। यह स्थान पुरातत्व की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। यह स्थान नाथ सम्प्रदाय की परम्परा से जुड़ा है। मंदिर के सामने एक कुंड है जो परमारकालीन है। कुंड के दोनों ओर दो छोटे मंदिर हैं। एक मंदिर में कार्तिकेय की मूर्ति है। यह स्थान नगर के प्राचीन परकोटे पर स्थित है इसलिये इसे नगरकोट की रानी कहते हैं।

वेधशाला - जंतर-मंतर तथा यंत्रमहल के नाम से जानी जाने वाली वेधशाला शहर से एक किलोमीटर की दूरी पर क्षिप्रा तट पर स्थित है। ज्योतिषशास्त्र की दृष्टि से यह ऐतिहासिक महत्व का स्थान है। लगभग 300 वर्ष पूर्व राजा जयसिंह ने यह यंत्रमहल बनवाया था। राजा का मानना था कि ग्रहों का गणित यथार्थ होना चाहिये। पहले उज्जैन की वैधशाला में चार प्रमुख यंत्र थे। (1) सम्राट यंत्र, (2) नाड़ीवलय यंत्र, (3) भित्तियंत्र, (4) दिगंश यंत्र। बाद में पांचवा यंत्र शंकु यंत्र लगाया गया है। सम्राट यंत्र द्वारा सूर्य घड़ी से प्राप्त स्थानीय समय को एक सारणी द्वारा स्टेण्डर्ड समय में बदला जाता है। वैधशाला में दिगंश यंत्र से ग्रह नक्षत्रों के दिगंश प्राप्त किये जाते हैं। यहां पंचागं निर्माण के साथ-साथ प्राचीन कलाकृति का भी ज्ञान प्रदान किया जाता है।

हस्तकला

भैरवगढ़ प्रिंट- क्षिप्रा नदी के तट पर स्थित भैरवगढ़ अपनी मिट्टी और पानी की अनुकूल रासायनिक संरचना के कारण सदियों से रंगों के शिल्पकारों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा है। यहां बनाए जाने वाले भैरवगढ़ प्रिंट के कपड़ों की देश-दुनिया में विशेष पहचान है।

- देवेन्द्र गोरे

(लेखक, समसामयिक विषयों पर लेखन करते हैं।)

मध्यप्रदेश वेअरहाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन

आफिस काम्पलेक्स, ब्लाक – ए, गौतम नगर, भोपाल 462023

क्रमांक/मप्रवेलॉका/स्था./2318 भोपाल, दिनांक 16.08.2024

विशेष भर्ती अभियान अंतर्गत दिव्यांगजनों के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु संशोधित विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, वल्लभ भवन मंत्रालय, भोपाल के पत्र क्र.– एफ 8-2/2013/आ.प्र./एक भोपाल दिनांक 04.01.2024 के प्रावधान अनुसार विशेष भर्ती अभियान के तहत् दिव्यांगजनों के पद की पूर्ति वाक-इन-इन्टरव्यू के माध्यम से की जाना है। आवेदन पत्र निम्न पद हेतु निर्धारित योग्यता एवं अर्हता रखते हुये नीचे दर्शाये हुए निहित प्रारूप में **विज्ञापन जारी होने की तिथि से दिनांक 10 सितम्बर 2024 तक** कार्यालयीन समय सायंकाल 6:00 बजे (अवकाश के दिनों को छोड़कर) प्रबंध संचालक म.प्र. वेअरहाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन ऑफिस कॉम्पलेक्स ब्लाक-ए, गौतम नगर भोपाल पिनकोड नं. 462023 के नाम से संबोधित कर प्रेषित करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा एवं न ही इस संबंध में कोई पत्राचार किया जावेगा। डाक से प्राप्त हुये विलम्ब के लिए विभाग उत्तरदायी नहीं होगा। रिक्त पदों का विवरण/वेतनमान/निर्धारित योग्यता की जानकारी निम्नानुसार है :-

क्र.	पदनाम	दिव्यांग हेतु कुल रिक्त पद	दृष्टिबाधित एवं कम दृष्टिबाधित हेतु (VH)	बहरे और कम सुनने वाले (EH)	लोकोमोटर डिसेबिलिटी जिसमें सम्मिलित है सेरेब्रल पाल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त, बौनापन, एसिड अटेक पीड़ित, मस्कुलर डिस्ट्रफी (LD)	ऑटिज्म, बौद्धिक दिव्यांगता, स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी और मानसिक बीमार और बहुविकलांगता (MD)	निर्धारित योग्यता	वेतनमान
1.	उपयंत्री	02	-	01	-	01	सिविल इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय उपाधि पत्र (डिप्लोमा)/किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग में उपाधि	32800-103600 (लेवल 08) में न्यूनतम वेतन रुपये 32800/-
2.	उपयंत्री (संविदा)	01	-	-	-	01	सिविल इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय उपाधि पत्र (डिप्लोमा)/किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग में उपाधि	32800-103600 (लेवल-08) में निश्चित वेतन
3.	सहायक (गुणवत्ता नियंत्रक)	05	-	03	-	02	न्यूनतम 60% अंकों से बीएससी (कृषि) एवं यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से 1 वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा।	25300-80500 (लेवल-06) में न्यूनतम वेतन रुपये 25300
4.	सहायक (गुणवत्ता नियंत्रक संविदा)	02	-	-	01	01	न्यूनतम 60% अंकों से बीएससी (कृषि) एवं यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से 1 वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा।	25300-80500 (लेवल-06) में निश्चित वेतन
5.	सहायक लेखापाल	04	01	01	01	01	न्यूनतम 60% अंकों से एम.कॉम/सीए/बीबीए(फायनेंस)/आईसीडब्ल्यूए/एमबीए (फायनेंस) एवं यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से 1 वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा।	25300-80500 (लेवल-06) में न्यूनतम वेतन रुपये 25300/-
6.	कनिष्ठ सहायक सह डाटा एण्ट्री ऑपरेटर	02	01	01	-	-	1. न्यूनतम 60% अंकों से किसी भी विषय में स्नातक 2. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त निम्नांकित किसी एक संस्था से न्यूनतम 1 वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा/सर्टिफिकेट :- अ. यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी विश्वविद्यालय से डिप्लोमा। ब. यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी मुक्त विश्वविद्यालय से डिप्लोमा। स. National Institute of Electronics & Information Technology (NIELIT) से डिप्लोमा स्तर की परीक्षा। द. शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज से माडर्न ऑफिस मैनेजमेंट कोर्स। इ. राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (NCVT) नई दिल्ली अथवा राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (SCVT) मध्यप्रदेश द्वारा प्रदत्त एक वर्षीय कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (COPA) प्रमाण पत्र क्रमांक-02 में वर्णित अर्हता के अतिरिक्त निम्न अर्हता भी मान्य होगी :- ए. बी.ई. (सीएसई/आईटी)/एमसीए/बीसीए/एमएससी (आईटी/सीएस)/बी.एससी. (आईटी/सीएस)/एम.टेक/एम.ई. इत्यादि। बी. ए.आई.सी.टी.ई. से अनुमोदित पॉलिटेक्निक डिप्लोमा इन कम्प्यूटर साइंस/कम्प्यूटर एप्लीकेशन एवं इंफॉर्मेशन टेक्नालॉजी इत्यादि। सी. बी.एससी./बी.कॉम. डिग्रियां जिनमें केवल कम्प्यूटर के एक विषय का अध्यापन सम्मिलित है मान्य नहीं होगी। 3. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, म.प्र. शासन द्वारा आयोजित कम्प्यूटर दक्षता प्रमाणीकरण परीक्षा (CPCT) का वैध प्रमाण-पत्र (स्कोर कार्ड)	19500-62000 (लेवल-04) में न्यूनतम वेतन रुपये 19500/-
7.	स्टेनोटायपिस्ट	01	-	-	01	-	1. स्नातक 2. हिन्दी शीघ्रलेखन में 80 शब्द प्रति मिनिट की गति। 3. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त निम्नांकित किसी एक संस्था से न्यूनतम 1 वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा/सर्टिफिकेट :- अ. यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी विश्वविद्यालय से डिप्लोमा। ब. यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी मुक्त विश्वविद्यालय से डिप्लोमा। स. National Institute of Electronics & Information Technology (NIELIT) से डिप्लोमा स्तर की परीक्षा। द. शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज से माडर्न ऑफिस मैनेजमेंट कोर्स। इ. राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (NCVT) नई दिल्ली अथवा राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (SCVT) मध्यप्रदेश द्वारा प्रदत्त एक वर्षीय कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (COPA) प्रमाण-पत्र। क्रमांक-03 में वर्णित अर्हता के अतिरिक्त निम्न अर्हता भी मान्य होगी :- ए. बी.ई. (सीएसई/आईटी)/एमसीए/बीसीए/एमएससी (आईटी/सीएस)/बी.एससी. (आईटी/सीएस)/एम.टेक. बी. ए.आई.सी.टी.ई. से अनुमोदित पोलिटेक्निक डिप्लोमा इन कम्प्यूटर साइंस/कम्प्यूटर एप्लीकेशन एवं इंफॉर्मेशन टेक्नालॉजी इत्यादि। सी. बी.एससी./बी.कॉम. डिग्रियां जिनमें केवल कम्प्यूटर के एक विषय का अध्यापन सम्मिलित है मान्य नहीं होगी। 4. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, म.प्र. शासन द्वारा आयोजित कम्प्यूटर दक्षता प्रमाणीकरण परीक्षा (CPCT) का वैध प्रमाण-पत्र (स्कोर कार्ड)	19500-62000 (लेवल-04) में न्यूनतम वेतन रुपये 19500/-
8.	चौकीदार कम हेल्पर	48	12	12	12	12	हायर सेकेण्डरी पास	15500-49000 (लेवल-01) में न्यूनतम वेतन रुपये 15500/-

टीप – नियुक्ति की अन्य शर्तें एवं आवेदन मध्यप्रदेश वेअरहाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन के ई-पोर्टल – **www.mpwarehousing.mp.gov.in** अथवा कार्यालय मध्यप्रदेश वेअरहाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन मुख्यालय भोपाल के सूचना पटल पर भी देखी जा सकती है।

अन्य शर्तें :- उपरोक्त पदों हेतु आवेदक को निम्न शर्तें पूर्ण करना होंगी :-

1. आवेदक/आवेदिका को म.प्र. का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
2. न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष से अधिक होना चाहिये एवं अधिकतम आयु सीमा 40 वर्ष होगी। आरक्षित वर्ग के उम्मीदवार हेतु नियमानुसार 5 वर्ष की छूट का प्रावधान है।
3. आवेदक का मध्यप्रदेश में किसी भी रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।
4. समस्त प्रमाण पत्रों की सक्षम अधिकारी अथवा स्व-प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
5. वॉक-इन-इंटरव्यू के समय सभी प्रमाण पत्रों की मूल प्रति दिखाना अनिवार्य है।
6. निगम में कार्यरत योग्यता धारित करने वाले अधिकारी/कर्मचारी भी आवेदन कर सकते हैं जिन्हें शासन के नियमानुसार आयु सीमा में छूट दी जावेगी। नियोक्ता के अनापत्ति प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. नि:शक्तता का डिजीटल प्रमाण पत्र संबंधित जिले के शासकीय जिला चिकित्सालय के मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी किया गया प्रमाण पत्र ही मान्य होगा। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के मानक अनुसार विकलांगता का प्रमाण पत्र एवं UDID कार्ड अनिवार्य होगा।
8. डिजीटल जाति प्रमाण-पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया हो मान्य होगा।
9. सेवा में कार्यरत कर्मचारी को अपने आवेदन पत्र के साथ नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. कोई भी उम्मीदवार जिसने विवाह के लिये नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया है वह भर्ती के लिये पात्र नहीं होगा।
11. कोई भी उम्मीदवार जिसकी दो से अधिक जीवित संतानें हैं जिनमें से एक का जन्म 26.01.2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो तो वह उम्मीदवार भर्ती के लिये पात्र नहीं है।
12. आवेदक अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में स्वयं की हस्तलिपि में अथवा टंकित किया हुआ अंतिम तिथि के पूर्व प्रबंध संचालक, म.प्र. वेअरहाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन के नाम से डाक द्वारा/व्यक्तिगत रूप से बंद लिफाफे में प्रेषित करें। प्रत्येक पद हेतु पृथक-पृथक आवेदन प्रस्तुत किया जाना होगा। लिफाफे पर आवेदित पद का नाम आवश्यक रूप से लिखा हो। आवेदन पत्र के साथ सभी आवश्यक प्रमाण पत्रों की स्व-प्रमाणित प्रति संलग्न करें। अपूर्ण/अस्पष्ट आवेदन पत्र मान्य नहीं किये जायेंगे, निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।
13. स्वयं का पूर्ण पता लिखा लिफाफे में डाक टिकिट (स्पीड पोस्ट) मूल्य के आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
14. विज्ञापित पद हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों में आवेदकों की शैक्षणिक योग्यता के आधार पर मेरिट सूची बनाई जाकर मेरिट आधार पर रिक्त पदों हेतु चयन प्रक्रिया में सम्मिलित किया जावेगा। सभी आवेदकों को चयन प्रक्रिया में सम्मिलित

(शेष अगले पृष्ठ पर)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न-उत्तर

कम्प्यूटर सामान्य ज्ञान

1. कम्प्यूटर सुरक्षा के संदर्भ में क्रैकर्स किस नाम से जाने जाते हैं?
(a) ब्लैक हैट हैकर्स
(b) व्हाइट हैट हैकर्स
(c) एलीट हैकर्स
(d) स्क्रिप्ट किड्डी
उत्तर-(a) ब्लैक हैट हैकर्स

2. वेब क्रॉलर को किस रूप में भी जाना जाता है?
(a) लिंक डायरेक्टरी
(b) सर्च ऑप्टीमाईजर
(c) वेब स्पाइडर
(d) वेब मैनेजर
उत्तर-(c) वेब स्पाइडर

3. निम्नांकित में से कौन एक वैलिड (वैध) डोमेन नेम एक्सटेंशन है?
(a) .com
(b) .gov
(c) .net
(d) उपर्युक्त सभी
उत्तर-(d) उपर्युक्त सभी

4. वर्ड प्रोसेसिंग और फोटो एडिटिंग उदाहरण है?
(a) एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर
(b) सिस्टम सॉफ्टवेयर
(c) ऑपरेटिंग सिस्टम सॉफ्टवेयर
(d) प्लेटफॉर्म सॉफ्टवेयर
उत्तर-(a) एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर

5. जंक ई-मेल को ..... भी कहते हैं?
(a) स्पूफ (b) स्पूल
(c) स्निकर स्क्रिप्ट (d) स्पैम
उत्तर-(d) स्पैम

6. इलेक्ट्रॉनिक कम्प्यूटर का आविष्कार किसने किया?
(a) मार्कोनी
(b) एलन एम. ट्यूरिंग
(c) एलेक्जेंडर ग्राहम बेल
(d) चार्ल्स बैबेज
उत्तर-(b) एलन एम. ट्यूरिंग

7. वर्चुअल मेमोरी का आकार निर्भर करता है?
(a) एड्रेस लाइंस पर
(b) डाटाबेस पर
(c) डिस्क स्पेस पर
(d) ये सभी
उत्तर-(a) एड्रेस लाइंस पर

8. निम्नलिखित में से कौन आउटपुट युक्ति नहीं है?
(a) ड्रम पेन प्लॉटर
(b) सी.आर.टी. मॉनीटर
(c) ईयरफोन्स
(d) डिजिटल कैमरा
उत्तर-(d) डिजिटल कैमरा

9. दो या अधिक नेटवर्क से कनेक्ट करने के लिए उपयोग किए जाने वाले डिवाइस को कहते हैं?
(a) हब (b) लिंक
(c) गेट वे (d) स्विच
उत्तर-(c) गेट वे

10. लैपटॉप कम्प्यूटर के जन्मदाता थे?
(a) स्लेज पास्कल
(b) एडम ऑसबोर्न
(c) एडम स्मिथ
(d) बॉब नोदो
उत्तर-(b) एडम ऑसबोर्न

11. साइबर लॉ की शब्दावली में डीओएस (DOS) का अर्थ है?
(a) डिनायल ऑफ सर्विस
(b) डिस्टैंट ऑपरेटर सर्विस
(c) डिस्क ऑपरेटिंग सिस्टम
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
उत्तर-(a) डिनायल ऑफ सर्विस

12. फायरवॉल का मुख्य काम है?
(a) मॉनिटरिंग (b) डिलीटिंग
(c) मूविंग (d) कॉपिंग
उत्तर-(a) मॉनिटरिंग

13. लॉन्ग हॉल नेटवर्क कहा जाता है?
(a) लैन को
(b) मैन को
(c) वैन को
(d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर-(c) वैन को

14. कम्प्यूटर को टेलीफोन से जोड़ने हेतु किस युक्ति का प्रयोग किया जाता है?
(a) मॉडेम (b) वीडीयू
(c) यूनिक्स (d) सीपीयू
उत्तर-(a) मॉडेम

15. कम्प्यूटर स्वतः रीबूट करता है तो संभावना है कि इसमें?
(a) मेमोरी पर्याप्त नहीं है
(b) वायरस है
(c) प्रिंटर नहीं
(d) कोई नहीं
उत्तर-(b) वायरस है

16. कम्प्यूटर में फैलने वाला वायरस है?
(a) हार्डवेयर
(b) कम्प्यूटर प्रोग्राम
(c) ऐन्ट
(d) सिस्टम सॉफ्टवेयर
उत्तर-(b) कम्प्यूटर प्रोग्राम

17. एक बाइट में कितने बिट्स होते हैं?
(a) 2 (b) 8
(c) 10 (d) 16
उत्तर-(b) 8

18. ईथरनेट एक उदाहरण है?
(a) मैन का (b) लैन का
(c) वैन का (d) वाई फाई का
उत्तर-(b) लैन का

19. एक्सेल स्प्रेडशीट की मूल इकाई, जहां पर डाटा एंट्री की जाती है, कहलाती है?
(a) टैब (b) बॉक्स
(c) सेल
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
उत्तर-(c) सेल

20. निम्न में से कौन-सा वेब ब्राउजर नहीं है?
(a) ओपेरा (b) गूगल एप्स
(c) विवाल्डी
(d) मोजिला फायरफॉक्स
उत्तर-(b) गूगल एप्स

21. कम्प्यूटर प्रणाली के लिये विस्तार क्षमता प्रदान करते हैं?
(a) साकेट्स (b) स्लॉट्स
(c) बाइट (d) वेब
उत्तर-(b) स्लॉट्स

22. निम्न में से कौन निःशुल्क ई-मेल सेवा प्रदाता है?
(a) हॉटमेल (b) रेडिफमेल
(c) याहु (d) उपर्युक्त सभी
उत्तर-(d) उपर्युक्त सभी

23. बैकबोन संबंधित है?
(a) हार्डवेयर से
(b) सॉफ्टवेयर से
(c) साइबर क्राइम से
(d) इंटरनेट से
उत्तर-(d) इंटरनेट से

24. दस लाख बाइट्स लगभग होती हैं?
(a) गीगाबाइट
(b) किलोबाइट
(c) एक मेगाबाइट
(d) टेराबाइट
उत्तर-(c) एक मेगाबाइट

25. एक डेटाबेस में फील्ड होती है?
(a) लेबल
(b) सूचना की तालिका
(c) संबंधित रिकॉर्ड्स का समूह
(d) जानकारी की श्रेणी
उत्तर-(c) संबंधित रिकॉर्ड्स का समूह

26. WLL का पूरा रूप है?
(a) वायरलेस लोकल लूप
(b) वायरलेस लैंडलाइन
(c) वर्किंग लूपलाइन
(d) वर्किंग लैंडलाइन
उत्तर-(a) वायरलेस लोकल लूप

27. C, BASIC, COBOL और JAVA उदाहरण हैं?
(a) लो लेवल लैंग्वेज के
(b) हाई लेवल लैंग्वेज के
(c) सिस्टम प्रोग्राम के
(d) कम्प्यूटर के
उत्तर-(b) हाई लेवल लैंग्वेज के

28. तंतु प्रकाशिकी संचार में संकेत किस रूप में प्रवाहित होता है?
(a) प्रकाश तरंग (b) रेडियो तरंग
(c) सूक्ष्म तरंग (d) विद्युत तरंग
उत्तर-(a) प्रकाश तरंग

29. किन तरंगों के लिये पैराबोलिक एंटीने का उपयोग किया जाता है?
(a) अंतरिक्ष तरंगें
(b) आकाशीय तरंगें
(c) संचार
(d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर-(a) अंतरिक्ष तरंगें

30. प्रकाशीय तंतु के निर्माण में किसका प्रयोग होता है?
(a) लोहा (b) सिलिका
(c) तांबा (d) एल्युमीनियम
उत्तर-(b) सिलिका

31. 'ट्राई' निम्नलिखित में से किस क्षेत्र की नियामक संस्था है?
(a) यातायात
(b) पर्यटक
(c) तकनीकी शिक्षा
(d) दूरसंचार
उत्तर-(d) दूरसंचार

32. डेटा कम्युनिकेशन के लिये नियमों का समूह (सैट ऑफ रूल्स) कहलाते हैं?
(a) प्रोटोकॉल्स
(b) स्टैन्डर्ड्स
(c) आर.एफ.सी.एस.
(d) इनमें से कोई नहीं
उत्तर-(a) प्रोटोकॉल्स

33. WIMAX निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?
(a) जैव प्रौद्योगिकी
(b) अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी
(c) मिसाइल प्रौद्योगिकी
(d) संचार प्रौद्योगिकी
उत्तर-(d) संचार प्रौद्योगिकी

34. फोटोडायनमिक थैरेपी का उपयोग मुख्यतः किस बीमारी के उपचार में किया जाता है?
(a) कैंसर (b) टी.बी.
(c) चार्ज सिंड्रोम (d) कोई नहीं
उत्तर-(a) कैंसर

35. 'ई-सहयोग' योजना किस विभाग द्वारा प्रारंभ की गई थी?
(a) बिक्री कर (b) आयकर
(c) आबकारी कर (d) पथ कर
उत्तर-(b) आयकर

36. परमाणु ऊर्जा विभाग की स्थापना कब की गई थी?
(a) 1950 (b) 1948
(c) 1954 (d) 1946
उत्तर-(c) 1954

37. भारत में विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग की स्थापना कब की गई थी?
(a) 1965 (b) 1971
(c) 1966 (d) 1975
उत्तर-(b) 1971

- श्रद्धा सुमन
(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लेखन करती हैं)

(पिछले पृष्ठ का शेष)

करना आवश्यक नहीं है और न ही इस बाबत् कोई वाद प्रस्तुत कर सकेगा। नियुक्ति चयन समिति की अनुशंसा पर नियुक्तिकर्ता अधिकारी द्वारा की जावेगी।

15. नियुक्ति मेरिट आधार पर/नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी द्वारा गठित साक्षात्कार समिति, नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रक्रिया अनुसार की जायेगी। साक्षात्कार हेतु सूचना पत्र भेजे जावेंगे एवं उम्मीदवारों की सूची कार्यालय में एवं निगम की वेबसाइट पर चस्पा रहेगी। साक्षात्कार की जानकारी हेतु कार्यालयीन समय में संपर्क स्थापित कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
16. निगम की वेबसाइट **www.mpwarehousing.mp.gov.in** पर विज्ञप्ति एवं आवेदन पत्र का प्रारूप एवं जानकारी उपलब्ध होगी।
17. पदस्थापना मध्यप्रदेश में किसी भी स्थान पर की जा सकती है।
18. आवेदक के विरुद्ध किसी भी न्यायालय में आपराधिक प्रकरण चला अथवा विचाराधीन है अथवा पुलिस में कोई प्रकरण पंजीबद्ध हुआ है, यदि हां तो उसका पूर्ण विवरण एवं न्यायालय से हुये निर्णय की जानकारी सहित शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा।
19. तैयार अंतिम मेरिट सूची अनुसार 01 पद के विरुद्ध 06 उम्मीदवार को वॉक-इन-इंटरव्यू हेतु आमंत्रित किया जावेगा। वॉक-इन-इंटरव्यू हेतु पृथक से तिथि एवं समय निर्धारित कर सूचना पत्र जारी किये जावेंगे एवं निगम की वेबसाइट पर सूचना पत्र अपलोड किये जावेंगे।
20. विज्ञापित पदों के भरने/न भरने/समाप्त करने का संपूर्ण अधिकार निगम प्रबंध संचालक को होगा। इस हेतु कोई वाद प्रस्तुत नहीं किया जा सकेगा और न ही मान्य होगा।
21. अन्य सेवा शर्तें निगम में प्रचलित नियमानुसार होंगी।

प्रबंध संचालक

दिव्यांगजनों की विशेष भर्ती हेतु आवेदन पत्र-प्रारूप

प्रति,
प्रबंध संचालक
मध्यप्रदेश वेअरहाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन,
ऑफिस काम्प्लेक्स, ब्लाक ए, गौतम नगर,
भोपाल, पिनकोड 462023

नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो

1. आवेदित पद का नाम .....
2. आवेदक/आवेदिका का पूरा नाम .....
3. आवेदक/आवेदिका के पिता/पति का पूरा नाम .....
4. जन्म तिथि (10+2 के प्रमाण पत्र के आधार पर) वर्ष.....माह.....दिन.....
5. जाति .....
6. विकलांगता का प्रतिशत (40% या 40% से अधिक विकलांगता वाले ही आवेदन करें) .....
7. विकलांगता की श्रेणी .....
8. यदि आवेदक विवाहित हो तो विवाह के प्रमाण पत्र के अनुसार विवाह की दिनांक .....
9. जीवित बच्चों का विवरण .....
10. वर्तमान डाक का पता .....
11. स्थाई पता .....
12. आवेदक का मोबाइल नंबर एवं ईमेल आई.डी. .....
13. दिनांक 01.08.2024 को आयु वर्ष.....माह.....दिन.....
14. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक एवं रोजगार कार्यालय का नाम .....
15. शैक्षणिक योग्यता (विज्ञप्ति में उल्लेखित पद की शैक्षणिक योग्यता अनुसार)

स. क्र.	परीक्षा का नाम	संस्था/बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम	विषय	प्राप्तांक	श्रेणी

16. यदि शासकीय विभाग में कार्यरत हो तो विभाग का नाम .....
17. उपरोक्त विवरण के संबंध में सभी प्रमाण पत्रों की अभिप्रमाणित छायाप्रति प्रस्तुत करें।
सहपत्र :- प्रमाण पत्र 1.....2.....3.....4.....

आवेदक के हस्ताक्षर एवं पूरा पता

घोषणा पत्र

मैं घोषणा करता हूँ/करती हूँ कि उपरोक्त समस्त जानकारी जो मेरे द्वारा दी गई है वह मेरे विवेक एवं ज्ञान से पूर्णतः सत्य है। जानकारी असत्य पाये जाने पर मेरा आवेदन निरस्त माना जावेगा, जिसका उत्तरदायित्व स्वयं मेरा होगा।

स्थान
दिनांक **आवेदक के हस्ताक्षर एवं पूरा पता**

म.प्र. माध्यम/115958/आर-49965/2024

भारत ने पेरिस ओलंपिक में जीते एक रजत और पांच कांस्य पदक

पेरिस, पेरिस ओलंपिक का समापन हो गया है। भारत ने पेरिस ओलंपिक में एक रजत और पांच कांस्य सहित कुल छह पदक अपने नाम किए हैं। भारतीय खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन के बावजूद पेरिस में टोक्यो ओलंपिक का प्रदर्शन दोहराने में सफल नहीं हो पाए। इस ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन बेहतर रहा, खिलाड़ियों ने कई खेलों में मजबूत चुनौती पेश की, लेकिन वह इस प्रदर्शन को पदक में तब्दील नहीं कर सके।

पेरिस ओलंपिक में भारत को सबसे ज्यादा तीन कांस्य पदक निशानेबाजी में मिले। भारत को पहला पदक युवा निशानेबाज मनु भाकर ने दिलाया। मनु ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। इसके बाद मनु भाकर और सरबजोत सिंह की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में भी कांस्य पदक जीता। इसके अलावा स्वप्निल कुसाले ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में भारत के लिए तीसरा कांस्य पदक जीता। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया। भारतीय टीम ने स्पेन को हराकर कांस्य पदक जीता। भारतीय टीम ने टोक्यो ओलंपिक में भी कांस्य पदक जीता था। पेरिस ओलंपिक में नीरज चोपड़ा भारत के सबसे सफल एथलीट रहे। नीरज ने पुरुषों की भालाफेंक स्पर्धा में भारत के लिए रजत पदक जीता।

अमन ने कुश्ती में जीता कांस्य पदक

भारत के युवा पहलवान अमन सहरावत ने पेरिस ओलंपिक में भारत के लिए पांचवां कांस्य पदक जीता। अमन ने पुरुषों की 57 किलोग्राम भार वर्ग में यह पदक जीता। स्पर्धा के सेमीफाइनल में हारने के बाद अमन को रेपचेज राउंड में उतरना पड़ा, रेपचेज में अमन ने प्यूर्टो रिको के पहलवान डेरियन क्रूज को 13-5 से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। अमन ओलंपिक में पदक जीतने वाले सबसे युवा भारतीय पहलवान बन गए हैं।

पिछला रिकॉर्ड नहीं तोड़ सका भारत

भारत पेरिस ओलंपिक में टोक्यो ओलंपिक के रिकॉर्ड को तोड़ नहीं पाया। भारत ने वर्ष 2020 के टोक्यो ओलंपिक में एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य सहित सात पदक जीते थे, जोकि ओलंपिक खेलों में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था, लेकिन इस बार भारत को छह पदकों पर ही संतोष करना पड़ा। इस बार कोई भी भारतीय खिलाड़ी स्वर्ण पदक जीत पाने में सफल नहीं हो सका। भारत ने टोक्यो ओलंपिक में छह खेलों में पदक जीते थे, लेकिन इस बार चार खेलों में ही हमारे खिलाड़ी पदक जीत सके।

ओलंपिक समापन समारोह में श्रीजेश और मनु बने ध्वजवाहक

पेरिस, पेरिस ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन करने वाली निशानेबाज मनु भाकर और भारतीय हॉकी टीम के गोलकीपर पी.आर. श्रीजेश ओलंपिक खेलों के समापन समारोह में भारत के ध्वजवाहक बने। श्रीजेश ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम के सदस्य हैं, उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन गोलकीपिंग की थी। वहीं मनु ने ओलंपिक में भारत के लिए दो कांस्य पदक जीते हैं। भारतीय ओलंपिक संघ ने कहा कि इस बार ओलंपिक में श्रीजेश और मनु का प्रदर्शन बेजोड़ और ऐतिहासिक था, यह दोनों खिलाड़ी ध्वजवाहक बनने के हकदार हैं। श्रीजेश टोक्यो ओलंपिक में भी कांस्य पदक जीतने वाली टीम के सदस्य रहे हैं, जबकि मनु ओलंपिक खेलों के इतिहास में एक संस्करण में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं।

भारत करेगा निशानेबाजी विश्वकप फाइनल की मेजबानी

नई दिल्ली, भारत इस वर्ष अक्टूबर माह में आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्वकप फाइनल की मेजबानी करेगा। यह विश्वकप फाइनल पिस्टल, राइफल और शॉटगन में एलीट निशानेबाजों के लिए मौजूदा सत्र का अंतिम टूर्नामेंट होगा, इसके बाद वर्ष के सर्वश्रेष्ठ निशानेबाज तय होंगे। इस टूर्नामेंट के लिए पेरिस ओलंपिक में शामिल निशानेबाजी की व्यक्तिगत श्रेणी की 12 स्पर्धाओं के सभी पदक विजेता निशानेबाजों ने सीधे क्वालिफाई कर लिया है। भारत के पास इस टूर्नामेंट की मेजबान होने के कारण भारतीय निशानेबाजों को इसमें वाइल्ड कार्ड एंट्री मिलेगी।

चोट के कारण यूटीटी से बाहर हुई अकुला

चेन्नई, भारत की युवा महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला ने अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) लीग से अपना नाम वापस ले लिया है। अकुला ने स्ट्रेस फ्रेक्चर के कारण खेल से ब्रेक लिया है। दो बार की राष्ट्रीय चैम्पियन अकुला को यूटीटी में जयपुर पैट्रियट्स टीम की ओर से खेलना था, लेकिन स्ट्रेस फ्रेक्चर की वजह से उन्हें छह सप्ताह आराम करने की जरूरत है। अकुला ने पेरिस ओलंपिक में बेहतर प्रदर्शन किया था। ओलंपिक में अकुला और मणिका बत्रा महिला एकल वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल रही थी। लेकिन वह पदक नहीं जीत सकीं।

पेरिस पैरालंपिक में उतरेगा भारत का सबसे बड़ा दल

जयपुर, ओलंपिक खेलों के सफल आयोजन के बाद पेरिस अब पैरालंपिक खेलों की मेजबानी करने जा रहा है। पैरालंपिक खेल 28 अगस्त से 8 सितंबर तक आयोजित किए जाएंगे। पेरिस पैरालंपिक के लिए भारत अपना सबसे बड़ा दल भेज रहा है।

भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के अध्यक्ष देवेंद्र झाझड़िया ने बताया कि भारतीय खिलाड़ी पेरिस पैरालंपिक खेलों में शानदार प्रदर्शन करने के लिए तैयार है। पेरिस पैरालंपिक खेलों में भारत के 84 खिलाड़ी शिरकत करेंगे। ये खिलाड़ी 12 खेलों में अपना दमखम दिखायेंगे, इनमें तीरंदाजी, एथेलेटिक्स, बैडमिंटन, कैनोइंग, साइक्लिंग, ब्लाइंड जूडो, पावरलिफ्टिंग, रोइंग, निशानेबाजी, तैराकी, टेबल टेनिस और ताइक्वांडो शामिल हैं।

देवेंद्र झाझड़िया ने कहा कि हमारे सभी खिलाड़ी उत्कृष्ट स्थिति में है। पेरिस पैरालंपिक में हम कम से कम 25 पदक जीतने की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे सभी खिलाड़ी प्रतिभाशाली हैं, लेकिन हमे विशेष रूप से एथेलेटिक्स, बैडमिंटन, तीरंदाजी और निशानेबाजी में शानदार परिणामों की उम्मीद है।

- **टोक्यो पैरालंपिक खेलों में भारत का प्रदर्शन शानदार रहा था।**
- **भारत ने टोक्यो में 19 पदक जीतकर पदक तालिका में 24वां स्थान हासिल किया था।**
- **भारत ने टोक्यो में 5 स्वर्ण, 8 रजत और 6 कांस्य पदक जीते थे।**

अफगानिस्तान के जनत पर लगा पांच वर्ष का प्रतिबंध

काबुल, अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बल्लेबाज इहसानुल्लाह जनत पर भ्रष्टाचार के एक मामले में पांच वर्ष का प्रतिबंध लगाया है। बोर्ड ने बताया कि जनत ने आईसीसी और अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के नियमों का उल्लंघन किया है। वह जून में आयोजित की गई काबुल प्रीमियर लीग में फिक्सिंग के दोषी पाए गए हैं।

जसकरन मल्होत्रा ने क्रिकेट से लिया संन्यास

न्यूयॉर्क, अमेरिका के क्रिकेटर जसकरन मल्होत्रा ने क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। जसकरन वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में एक ओवर में छह छक्के लगाने का कारनामा कर चुके हैं। जसकरन ने वर्ष 2021 में पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ मैच में गाउडी टोका के ओवर में छह गेंदों में छह छक्के जड़े थे। वह वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में एक ओवर में छह छक्के लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज हैं, उनसे पहले यह कारनामा दक्षिण अफ्रीका के हर्शल गिब्स ने किया है।

घरेलू क्रिकेट टूर्नामेंट्स में खेलेंगे टीम इंडिया के सीनियर खिलाड़ी

मुंबई, टीम इंडिया के सीनियर खिलाड़ी अब घरेलू क्रिकेट में खेलते हुए दिखाई देंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने राष्ट्रीय टीम के सभी खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट दलीप ट्रॉफी में पूरी तरह या आंशिक रूप से खेलने के लिए कहा है।

दलीप ट्राफी का आयोजन भारत और बांग्लादेश के बीच खेली जाने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले होना है, ऐसे में यह टूर्नामेंट भारतीय टीम की तैयारियों के मद्देनजर काफी महत्वपूर्ण हो जाता है।

इस टूर्नामेंट में भारतीय टेस्ट टीम के कई शीर्ष खिलाड़ी के.एल. राहुल, शुभमन गिल, रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, श्रेयस अय्यर खेलते हुए नजर आयेंगे, वहीं भारतीय टीम से बाहर चल रहे युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन भी दलीप ट्रॉफी के जरिए टीम इंडिया में वापसी का प्रयास करेंगे।

पैरा शटलर प्रमोद भगत हुए निलंबित

नई दिल्ली, भारत के पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत को निलंबित कर दिया गया है। प्रमोद को विश्व बैडमिंटन संघ (बीडब्ल्यूएफ) के डोपिंग रोधी के उल्लंघन का दोषी पाया गया और उन्हें 18 महीने के लिए निलंबित किया गया है, जिससे वह पेरिस पैरालंपिक खेलों में नहीं खेल सकेंगे। भारतीय बैडमिंटन संघ ने बताया कि प्रमोद को बीडब्ल्यूएफ के डोपिंग रोधी नियम व्हेयर अबाउट (ठिकाने का पता) का दोषी पाया गया है। उनका निलंबन एक सितंबर 2025 तक प्रभावी होगा। प्रमोद ने बीडब्ल्यूएफ की इस कार्यवाही के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय खेल पंचाट में अपील दायर की थी, जो खारिज कर दी गई है।

पेरिस ओलंपिक

अमेरिका ने जीते सबसे ज्यादा पदक

पेरिस, अमेरिका ने एक बार फिर ओलंपिक खेलों में अपना दबदबा कायम किया है। पेरिस ओलंपिक में अमेरिका सबसे ज्यादा पदक जीतने वाला देश बना है। अमेरिका ने पेरिस ओलंपिक में कुल 126 पदक जीते हैं, इनमें 40 स्वर्ण, 44 रजत और 42 कांस्य पदक शामिल हैं। प्रतियोगिता में चीन ने अमेरिका को कड़ी टक्कर दी। पदक तालिका में दूसरे स्थान पर रहे चीन ने 40 स्वर्ण, 27 रजत और 24 कांस्य सहित कुल 91 पदक अपने नाम किए। पदक तालिका में भारत 71वें स्थान पर रहा।

पेरिस ओलंपिक में चीन करीब आकर भी अमेरिका का वर्चस्व नहीं तोड़ पाया। ओलंपिक खेलों के इतिहास में अमेरिका के दबदबे का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वह पदक जीतने के मामले में कभी भी टॉप-3 से बाहर नहीं हुआ है।

- **अमेरिका ने लगातार चौथी बार पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया है।**
- **अमेरिका कुल 19 बार ओलंपिक में पहले स्थान पर रहा है।**
- **ओलंपिक में अमेरिका ने 12वीं बार एक सत्र में 100 से अधिक पदक जीते हैं।**
- **40 स्वर्ण, 27 रजत और 24 कांस्य पदक जीतकर चीन दूसरे स्थान पर रहा।**

पेरिस में अमेरिका ने सबसे ज्यादा 615 खिलाड़ियों का दल भेजा था और सबसे ज्यादा पदक जीतने में कामयाब रहा।

पेरिस ओलंपिक में सबसे ज्यादा पदक जीतने के मामले में जापान तीसरे स्थान पर रहा। जापान ने 20 स्वर्ण, 12 रजत और 13 कांस्य के साथ कुल 45 पदक अपने नाम किए। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने 18 स्वर्ण, 19 रजत पदक और 16 कांस्य पदक जीते और चौथा स्थान हासिल किया। ओलंपिक खेलों की मेजबानी कर रहे फ्रांस ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और 28 वर्ष बाद पदक जीतने के मामले में टॉप-5 में रहा। फ्रांस ने 64 पदक जीते, इनमें 16 स्वर्ण, 26 रजत और 22 कांस्य पदक शामिल हैं। पदक तालिका में नीदरलैंड्स छठवें, ब्रिटेन सातवें, दक्षिण कोरिया आठवें, इटली नौवें और जर्मनी दसवें स्थान पर रहा।

एफए कम्युनिटी शील्ड

मैनचेस्टर सिटी ने जीता खिताब

लंदन, इंग्लिश फुटबॉल क्लब मैनचेस्टर सिटी ने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी मैनचेस्टर यूनाइटेड को हराकर एफए कम्युनिटी शील्ड टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। मैनचेस्टर सिटी ने सातवीं बार यह टूर्नामेंट जीता है। एफए कम्युनिटी शील्ड के लिए एफए कप विजेता और प्रीमियर लीग की विजेता टीमों के बीच मुकाबला खेला जाता है।

खिताबी मुकाबले में दोनों टीमों ने दमदार प्रदर्शन किया। पहले हॉफ में मैनचेस्टर यूनाइटेड का दबदबा रहा, लेकिन वह मैनचेस्टर सिटी के डिफेंस को भेद नहीं सकें। पहला हाफ गोलरहित रहा। दूसरे हॉफ में भी दोनों टीमों ने गोल करने के लिए भरपूर जोर लगाया। मैच में पहला गोल मैनचेस्टर यूनाइटेड ने किया। मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए एलेजांद्रो गरनाचो ने मैच के 82वें मिनट में गोल किया। मैच में पिछड़ने के बाद मैनचेस्टर सिटी ने पलटवार किया, मैच के 89वें मिनट में बर्नार्डो सिल्वा ने गोल कर मैनचेस्टर सिटी को बराबरी पर ला दिया। निर्धारित समय तक स्कोर बराबर रहने के बाद विजेता का फैसला पेनाल्टी शूटआउट से हुआ। पेनाल्टी शूटआउट को मैनचेस्टर सिटी 7-6 से जीतने में सफल रही।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

हैरिस की जीत की संभावना अधिक

अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में अब कुछ ही महीनों का समय रह गया है। इस बीच देश में हुए कई सर्वे में अब डेमोक्रेट पार्टी की

उम्मीदवार कमला हैरिस को रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के ऊपर बड़ी बढ़त बनाते दिखाया जा रहा है। एक अमेरिकी अखबार 'द वॉशिंगटन पोस्ट' की तरफ से दावा किया गया है कि अगर अमेरिका में अभी चुनाव होते हैं तो कमला हैरिस की जीत की संभावना सबसे ज्यादा है। अखबार ने अपने पोलिंग मॉडल के नतीजों के आधार पर कहा है कि राष्ट्रपति जो बाइडन के चुनावी रेस से हटने वाले दिन के मुकाबले कमला हैरिस ने राष्ट्रीय स्तर पर समर्थन में दो फीसदी का इजाफा किया है और वो इस रेस में काफी आगे हैं। अखबार में प्रकाशित जानकारी के अनुसार अगर अमेरिका में अभी चुनाव होते हैं तो कमला हैरिस के व्हाइट हाउस पहुंचने की सबसे ज्यादा संभावना है।

प्रधानमंत्री ने 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशवासियों को किया संबोधित

हरित विकास और पर्यावरण संरक्षण में योगदान के साथ रोज़गार के अवसर होंगे सृजित

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से देशावासियों को संबोधित किया

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से देशवासियों को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने भारत के विकास को आकार देने, नवाचार को बढ़ावा देने और देश को विभिन्न क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनाने के उद्देश्य से भविष्य के लक्ष्यों की एक श्रृंखला की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रस्तुत है प्रधानमंत्री के संबोधन के प्रमुख बिंदु -

जीवन की सुगमता मिशन

प्रधानमंत्री ने मिशन मोड पर 'ईज ऑफ लिविंग' की सुगमता को पूरा करने के अपने दृष्टिकोण को रेखांकित किया। उन्होंने एक व्यवस्थित आकलन और बुनियादी ढांचे एवं सेवाओं में सुधार के जरिये शहरी क्षेत्रों में जीवन की गुणवत्ता को बेहतर करने की बात कही।

नालंदा का पुनरुद्धार - उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान को बढ़ावा देते हुए भारत को वैश्विक शिक्षा केंद्र के रूप में स्थापित करते हुए प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय की भावना को पुनर्जीवित करने की बात कही।

मेड इन इंडिया चिप-सेमीकंडक्टर उत्पादन- सेमीकंडक्टर उत्पादन में वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य आयात पर निर्भरता घटाना और तकनीकी आत्मनिर्भरता को बढ़ाना है।

स्किल इंडिया - प्रधानमंत्री ने बजट 2024 का उल्लेख करते हुए भारत के युवाओं को प्रशिक्षित करने और भारत को दुनिया की कौशल राजधानी बनाने के लिए सरकार द्वारा घोषित महत्वपूर्ण कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला।

'भारत में डिजाइन, दुनिया के लिए डिजाइन' - प्रधानमंत्री ने स्वदेशी डिजाइन क्षमताओं की सराहना की और ऐसे उत्पाद बनाने का आग्रह किया जो घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों बाजारों की जरूरतों को पूरा कर सकें।

ग्रीन हाइड्रोजन मिशन- प्रधानमंत्री ने जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के भारत द्वारा किए जा रहे प्रयासों में हरित रोज़गार के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि देश अब हरित विकास और हरित रोज़गार पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इससे पर्यावरण संरक्षण में योगदान के साथ-साथ रोज़गार के अवसर सृजित होंगे। प्रधानमंत्री ने ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन में वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनने और पर्यावरण संरक्षण एवं नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्र में स्थायी रोज़गार के अवसर पैदा करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता दोहराई।

स्वस्थ भारत मिशन - प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने के लिए भारत को 'स्वस्थ भारत' की राह पर चलना चाहिए, जिसकी शुरुआत राष्ट्रीय पोषण अभियान के उद्घाटन के साथ हो चुकी है।

जलवायु परिवर्तन लक्ष्य - प्रधानमंत्री ने वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने के भारत के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को दोहराया। उन्होंने कहा कि भारत जी20 देशों के बीच पेरिस समझौते के लक्ष्यों को पूरा करने वाला एकमात्र देश है।

चिकित्सा शिक्षा का विस्तार - प्रधानमंत्री ने अगले 5 वर्षों के दौरान चिकित्सा की 75,000 नई सीटें जोड़ने की योजना की घोषणा की। इसका उद्देश्य देश की चिकित्सा शिक्षा क्षमता को बढ़ाना और स्वास्थ्य पेशेवरों की बढ़ती मांग को पूरा करना है।

पिछली सरकारों की प्राथमिकता में कभी किसान नहीं रहे - केन्द्रीय कृषि मंत्री

स्वतंत्रता के बाद से लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री झण्डा फहराते आ रहे हैं, लेकिन पहले कोई भी सरकार किसानों को स्वतंत्रता दिवस पर बुलाती नहीं थी क्योंकि पिछली सरकारों की प्राथमिकता में कभी किसान नहीं रहे। यह बात केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों से संवाद और राष्ट्रीय नाशीजीव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। श्री चौहान ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि आजादी हमें चांदी की तश्तरी पर भेंट नहीं की गई है।

उन्होंने कहा कि हजारों लोग फाँसी के फंदे पर हँसते-हँसते झूल गए थे। उनके हृदय में दृढ़ संकल्प होता था और वो

प्रार्थना करते थे कि हमें पुनः इसी धरती पर जन्म देना, ताकि हम भारत माता के काम आ सकें। हमारे अमर क्रांतिकारी आजादी के तराने गाया करते थे। किसान देश की धड़कन हैं और जनता के दिल की धड़कन हैं। किसान जो पैदा करते हैं, उससे सभी के दिल धड़क रहे हैं। किसान हमारे लिए भगवान हैं। हमें अन्नदाता को सुखी और समृद्ध बनाना है।

भारत सरकार ने चंद्रयान-3 मिशन की सफलता पर 23 अगस्त को "राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस" घोषित किया

भारत सरकार ने चंद्रयान-3 मिशन की उल्लेखनीय सफलता का उत्सव मनाने के लिए 23 अगस्त को "राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस" घोषित किया है। इसी दिन विक्रम लैंडर की सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग हुई तथा प्रज्ञान रोवर को दक्षिणी ध्रुव के पास चंद्रमा की सतह पर तैनात किया गया। यह ऐतिहासिक उपलब्धि भारत को अंतरिक्ष में विजय पताका फहराने वाले देशों के एक विशिष्ट समूह में शामिल करती है, इस उपलब्धि के साथ भारत चंद्रमा पर उतरने वाला चौथा देश और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास ऐसा चंद्रमा की सतह पर पहुंचने वाला पहला देश बन गया है। इस उपलब्धि का महोत्सव जुलाई और अगस्त 2024 के दौरान पूरे देश में मनाया जा रहा है, इसका लक्ष्य अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में युवा पीढ़ी को सम्मिलित करना और प्रेरणा प्रदान करना है।

प्रदर्शनों की श्रृंखला का आयोजन

चंद्रयान-3 मिशन की उल्लेखनीय सफलता के उपलक्ष्य में मत्स्य पालन विभाग डॉ. अभिलक्ष लिखी के मार्गदर्शन में तटीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में "मत्स्य पालन क्षेत्र में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियों के अनुप्रयोग"पर सेमिनार और प्रदर्शनों की श्रृंखला आयोजित कर रहा है। ये सेमिनार और प्रदर्शन 18 स्थानों पर आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें मत्स्य पालन में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी– एक सिंहावलोकन, समुद्री क्षेत्र के लिए संचार और नेविगेशन प्रणाली, अंतरिक्ष-आधारित अवलोकन और मत्स्य पालन क्षेत्र में सुधार पर इसके प्रभाव जैसे विषय शामिल हैं।

हितधारक हाइब्रिड मोड में भाग लेंगे

अंतरिक्ष विभाग, भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र (आईएनसीओआईएस), न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड और मछुआरे, सागर मित्र, फिश फार्मर प्रोडक्ट ऑरगाइजेशन (एफएफपीओ), मत्स्य सहकारी समितियां, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) मत्स्य अनुसंधान संस्थान, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र मत्स्य विभाग, मत्स्य विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के छात्र सहित अन्य हितधारक हाइब्रिड मोड में भाग लेंगे।

शिक्षा की गुणवत्ता, प्रदर्शन और सामर्थ्य को जानना छात्रों और अभिभावकों का अधिकार

केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने इंडिया रैंकिंग 2024 जारी की। इसमें शिक्षा मंत्रालय की ओर से इस उद्देश्य के लिए तैयार किए गए राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) का उपयोग किया गया है। इस अवसर पर श्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि रैंकिंग, रेटिंग और मान्यता राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की एक महत्वपूर्ण सिफारिश है।

उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि एनआईआरएफ रैंकिंग एनईपी की भावना को गहराई से प्रतिबिंबित करती है। केंद्रीय मंत्री ने उन सभी उच्च शिक्षा संस्थानों को बधाई दी जिन्होंने शिक्षण, नवाचार, अनुसंधान, स्नातक परिणामों और अन्य मापदंडों में उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है इंडिया रैंकिंग 2024 में गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त किया है।

तंत्र विकसित करना चाहिए

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि किसी शैक्षणिक संस्थान की गुणवत्ता, प्रदर्शन और सामर्थ्य को जानना छात्रों और अभिभावकों का अधिकार है। इसलिए, देश के सभी 58 हजार उच्च शिक्षा संस्थानों को रैंकिंग और रेटिंग ढांचे के तहत लाना चाहिए। उन्होंने कहा कि रोज़गार और कौशल प्राथमिकता हैं। श्री प्रधान ने कहा कि हमारी रैंकिंग व्यवस्था में एक मानदंड के रूप में कौशल को भी शामिल किया जाना चाहिए। अमूर्त पहलू सीखने और विकास के लिए जबर्दस्त प्रोत्साहन हैं।

इंडिया रैंकिंग 2024 की मुख्य विशेषताएं

- **भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास ने लगातार छठे वर्ष यानी 2019 से 2024 तक समग्र श्रेणी और इंजीनियरिंग में लगातार 9वें वर्ष यानी 2016 से 2024 तक अपना पहला स्थान बरकरार रखा है।**
- **समग्र श्रेणी में शीर्ष 100 में से 23 राज्य सार्वजनिक विश्वविद्यालय, 22 निजी डीम्ड विश्वविद्यालय, 16 आईआईटी, 9 एनआईटी, 7 केंद्रीय विश्वविद्यालय, 7 निजी विश्वविद्यालय, 4 एम्स, आईआईएसईआर और सरकारी डीम्ड विश्वविद्यालय, 3 अन्य सीएफटीआई और 1 कॉलेज शामिल हैं।**
- **भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु लगातार नौवें वर्ष, यानी 2016 से 2024 तक विश्वविद्यालयों की श्रेणी में शीर्ष पर है। यह लगातार चौथे वर्ष, यानी 2021 से 2024 तक अनुसंधान संस्थानों की श्रेणी में पहले स्थान पर रहा।**
- **आईआईएम अहमदाबाद लगातार पांचवें वर्ष (2020 से 2024 तक) अपना पहला स्थान बनाए रखते हुए प्रबंधन विषय में शीर्ष पर है। इसे 2016 से 2019 तक इंडिया रैंकिंग के प्रबंधन विषय में शीर्ष दो में स्थान दिया गया था।**

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

मध्यप्रदेश शासन

देश की आज़ादी के लिए प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों को कृतज्ञतापूर्ण नमन

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

78 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

चौतरफा विकास का परचम लहराता मध्यप्रदेश

युवाओं के लिये गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं व्यावसायिक क्षमता निर्माण के लिए सभी 55 जिलों में पी.एम. कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस प्रारंभ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर प्रदेश में पहली बार रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव हो रहे आयोजित

संबल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आहार अनुदान योजना एवं राशन आपके ग्राम जैसी योजनाओं के माध्यम से गरीब और जरूरतमंदों को सहायता

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में 1.29 करोड़ महिलाओं को रक्षाबंधन पर प्रतिमाह ₹1250 के अतिरिक्त ₹250 का विशेष उपहार, अब तक ₹ 22 हजार 924 करोड़ की सहायता, लाड़ली लक्ष्मी योजना के माध्यम से बेटियों की शिक्षा और स्वास्थ्य का ख्याल

मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में 83 लाख से अधिक किसानों को ₹14254 करोड़ की सहायता

डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से जुड़ने के लिए स्कैन करें

@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP

मध्यप्रदेश शासन

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

D-11047/R-49954/2024

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- डॉ. सुदाम खाड़े, मुद्रक- डॉ. सुदाम खाड़े द्वारा मेसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- रंजना चितले।